ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -14, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 01 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
21 जून 2024 शुक्रवार

आज का मौसम
34 अधिकतम
26 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




## भोपाल में तड़के भारी बारिश के चलते अफरातफरी, आनन-फानन बदला मुख्य कार्यक्रम स्थल

### पीएम मोदी ने श्रीनगर में योग से दिया संदेश, सेना ने भी योग से जीता दिल

# योग यात्रा में श्रीअन्न नया पड़ाव बना किसानों को मिलेगा सरकारी प्रोत्साहन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सिंगल क्लिक द्वारा श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। इसमें मोटे अनाज की खेती करने के लिए किसानों का प्रेरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने योग दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया तथा विशिष्ट अतिथियों व उपस्थित विद्यार्थियों व नागरिकों के साथ सामूहिक योग अभ्यास किया। हालांकि आज यह राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम लाल परेड ग्राउंड में होना था, लेकिन तड़के तेज बारिश के कारण एन वक्त पर आयोजन सीएम हाउस पर किया गया। हालांकि कई शिक्षक व बच्चे लालपरेड ग्राउंड पर तडके साढे चार बजे से पहुंचने लगे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग का अर्थ मन और आत्मा का जुड़ाव है। इस नाते योग से इस वर्ष श्रीअन्न को भी जोड़ा गया है। शारीरिक दक्षता के लिए जहां योग की जरूरत है वहीं आहार भी आवश्यक है। हम सौभाग्यशाली हैं कि भारतीय आहार शैली को फिर से लोकप्रिय बनाने का कार्य हो रहा है। हमारी पूजा पद्धति में गेहूँ का स्थान नहीं है बल्कि चावल और अन्य मोटे अनाज उपयोग में लाये जाते हैं। यह सनातन संस्कृति का हिस्सा है। मध्यप्रदेश में योग को प्रोत्साहित किया जा रहा है।योग आयोग के गठन के बाद योग को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया। आनंद विभाग भी गठित है। इस दिशा में कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।

### श्रीअन्न उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोदो-कुटकी सहित सभी तरह के मोटे अनाज अर्थात श्रीअन्न के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को प्रति क्विंटल एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

## योग मन की ताकत बढ़ाता है-पीएम










पीएम नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में योग कार्यक्रम में कहा कि योग से व्यक्ति को शक्ति मिलती है। योग विद्या ही नहीं विज्ञान है। यह एकाग्रता लाने में सहायक है। मन की ताकत को बढ़ाता है। भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्रसंघ में 10 वर्ष पूर्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को विश्व के 177 देशों ने समर्थन दिया था। अनेक देशों में योग जीवन का हिस्सा बन चुका है। वयोवृद्ध लोग भी योग कर रहे हैं। विश्वविद्यालयों में योग पर शोध कार्य हो रहे हैं। अन्य देशों के पर्यटक भारत में योग शिक्षण-प्रशिक्षण के उद्देश्य से आते हैं। आज देशभर में योग के कार्यक्रम आयोजित हुए सेना के जवानों ने अपने तैनाती स्थल पर योगाभ्यास किया। वहीं मप्र में उज्जैन में क्षिप्रा नदी पर जलयोग किया गया।

## अफसरों-नागरिकों ने किया सीएम संग योग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उपस्थित जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री निवास परिसर में योगाभ्यास किया। अनेक आसन और श्वांस से जुड़े अभ्यास किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी और नियमित रूप से योग करने का आग्रह किया। प्रमुख सचिव आयुष एवं स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग दिवस पर 'योग स्वयं और समाज के लिए' थीम निर्धारित की गई है।



ईडी का एक्शन कामयाब

## केजरीवाल की जमानत पर हाइकोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

शराब घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निचली अदालत से मिली जमानत पर आज हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई तक जमानत पर रोक लगाई है। ईडी ने केजरीवाल की जमानत पर रिहाई के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। ईडी ने अपनी एसएलपी में कहा है कि जांच के महत्वपूर्ण पड़ाव पर केजरीवाल को रिहा करने से जांच पर असर पड़ेगा क्योंकि केजरीवाल मुख्यमंत्री जैसे अहम पद पर हैं। हाईकोर्ट ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी की उस दलील को ठुकरा दिया है, जिसमें कहा गया कि याचिका पर जल्द सुनवाई की जरूरत नही है। इस बीच



जस्टिस सुधीर जैन ने कहा कि जब तक हाईकोर्ट में सुनवाई लंबित है, तब तक निचली अदालत का आदेश प्रभावी नहीं होगा।

## सुबह खंडवा हिला, भूकंप के झटकों से सहमे लोग घरों से बाहर भागे

**खंडवा , एजेंसी।**

आज सुबह लोगों ने शहर में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए। इससे दहशत फैल गई। धरती अचानक थरथराने से घरों में कंपन हुआ। इससे घरों में लगे पंखे और अन्य सामान हिलने लगे। शहर में 9 बजकर 4 मिनट पर भूकम्प के झटके आए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 बताई जा रही है। भूकम्प का केंद्र खंडवा से दस किलोमीटर दूर बताया गया है। भूकंप के कारण घबरा कर लोग घरों से बाहर निकल आए। इसकी तीव्रता कितनी थी यह पहले तो यह स्पष्ट नहीं हो सका था। यह कंपन आसपास के अंचलों में भी महसूस हुआ है। हालांकि इस भूकंप से हुई



किसी प्रकार की नुकसान की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

उल्लेखनीय है कि काफी समय से खंडवा जिला भूकंप के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में शामिल है। हालांकि जिले की पंधाना तहसील मुख्यालय पर स्थित भूकंप वैधशाला में लगी सिस्मोग्राफ मशीन में भूकंप का कोई झटका दर्ज नहीं हुआ है । इस पर लोगों द्वारा आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है। जबकि कई लोग कह रहे हैं कि उन्हें कंपन महसूस हुआ है। अन्य कई लोगों ने भी भूकंप के झटके महसूस किए हैं, लेकिन सीस्मोग्राफ मशीन में कोई गतिविधि दर्ज नहीं होना मशीन के रखरखाव पर सवाल खड़े कर रहा है। इस मशीन द्वारा देश के अन्य राज्यों व क्षेत्रों में भी भूकंप आने पर गतिविधियां दर्ज होती है। खबरों के मुताबिक कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने माना है कि उन्हें भी विभिन्न क्षेत्रों से फोन पर भूकंप के झटके महसूस होने की जानकारी मिली है। जल व मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों से जानकारी एकत्र की जा रही है।

## शेयर बाजारः आखिरी दिन फिर सेंसेक्स 200 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली ।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आईटी शेयरों में मजबूती से घरेलू शेयर



बाजार में बढ़त का सिलसिला बरकरार रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स 200 अंकों की बढ़त के साथ खुला जबकि निफ्टी 23600 का स्तर पार कर गया। हालांकि शुरुआती बढ़त के बाद बाजार में बिकवाली हावी होती दिखी। सुबह सेंसेक्स 2.25 (0.00त्न) अंकों की गिरावट के साथ 77,476.68 पर कारोबार करता दिखा। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी भी बढ़त गंवाकर महज 31.16 (0.13त्न) अंकों की तेजी के साथ 23,598.15 पर कारोबार करता दिखा। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 1 पैसे की बढ़त के साथ 83.60 पर पहुंच गया।

## पाकिस्तान में मची कोल्डड्रिंक की लूट




इस्लामाबाद। तंगहालव महंगाई से जूझ रहे पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त के फैसलाबाद में कोल्ड ड्रिंक्स की 'लूट' का मामला सामने आया है। जब यहां एक प्रसिद्ध शीतल पेय कंपनी का एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया तो स्थानीय लोगों में कोल्ड ड्रिंक्स उठाने की होड़ मच गई। लोगों ने बड़े पैमाने पर ट्रक से कोल्ड ड्रिंक्स की बोतले उठाई और ले गए। वायरल वीडियो में महिलाओं और बच्चों सहित एक बड़ी भीड़ को पलटे हुए ट्रक से बोतलें लेने के लिए मारामारी करते हुए देखा जा सकता है। घटना फैसलाबाद के चक नंबर 203 रब छोटा मानवाला के पास हुई। कोल्ड ड्रिंक्स से भरा एक ट्रक दूसरे वाहन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद ड्राइवर व क्लीनर फरार हो गये और लोग बोतलें उठाने लगे अपने गमछों और दुपट्टों में बांधकर ले गए।

मेट्रो एंकर | कूल एटीट्यूड से भारत में बढ़ रही लोकप्रियता

## बॉबकट बाल-धाकड़ चाल, इटली पीएम के स्वैग के भारत में चर्चे

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारत के साथ आजकल इटली संबंधों में उच्च स्तरीय भागीदारी देखी जा रही है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री मोदी की जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली यात्रा, और पिछले साल इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की दो बार भारत यात्रा के बाद देशों के बीच समझ बढ रही है। हालांकि यह और बात है कि सियासी तौर पर निशानेबाजी में भाजपा समेत कई विपक्षी दल कांग्रेस को घेरते रहे हैं क्योंकि यह कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का मूल देश रहा है। बहरहाल जी-7 की हालिया बात करें तो प्रधानमंत्री मोदी के इटली पहुंचने से पहले ही वहां हिंदुस्तान की छाप देखने को मिली थी। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने अपने मेहमानों का स्वागत हैलो की जगह नमस्ते से किया था। दोनों नेताओं की सेल्फी के साथ ही मेलोनी के अंदाज की भी चर्चा रही। इसी कूल एटीट्यूड के चलते भारत में भी मेलोनी को काफी पसंद किया जाता है। मेलोनी के सोशल मीडिया पर भी ढेरों भारतीयों के कमेंट होते हैं। हाल में जब उनका 90 के दशक का वीडियो सामने आया तो वायरल हो गया। ये वीडियो तब का है जब मेलोनी युवावस्था में अपने राजनीतिक सफर का आगाज कर रही थी।



### 'स्वैग है मेलोनी जी का'

जब वीडियो सामने आया तो कमेंट्स की बाढ़ आ गई। लोग उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे। एक यूजर ने लिखा- स्वैग है मेलोनीजी का। एक अन्य ने तारीफ करते हुए लिखा- ये किसी मॉडल से कम नहीं लग रही, ये शानदार हैं. एक यूजर ने ये भी कहा कि- मेलोनी खूबसूरत होने के साथ- साथ एक बेहतरीन और बुद्धिमान प्रधानमंत्री भी हैं। दरअसल राइट विंग नेता ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी की जॉर्जिया मेलोनी इटली की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं।

## बिहार में पांच सौ करोड़ की दवा गोदामों मे सड़ गई, मचा हडकंप

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में जब से एनडीए की सरकार बनी है, तब से दवाई और पढ़ाई पर सबसे अधिक फोकस जरूर कहा जा रहा है स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने दावा किया है कि सभी सरकारी अस्पतालों



में दवाइयां हैं और मरीजों को दी जाती है। जबकि बिहार में 90 दिन के अंदर 537 करोड़ रुपये की दवाएं और सर्जरी का सामान खराब होने की खबरें सुर्ख हैं। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बिहार के सरकारी अस्पतालों में फरवरी से अप्रैल के बीच 537 करोड़ रुपये की दवाएं और सर्जरी का सामान खराब हो गया। दवाओं की खराब होने की घटना प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में हुई है। विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं। ड्रग्स एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में 175 करोड़, मार्च में 180 करोड़ और अप्रैल में 182 करोड़ रुपये की दवाएं और सर्जरी का सामान खराब हुआ है। रिपोर्ट सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

## बारामुला मुठभेड़ः लश्कर से जुड़े पाकिस्तानी आतंकी मारे गए

श्रीनगर । दक्षिण कश्मीर समेत उत्तरी कश्मीर में सुरक्षाबलों की आतंकियों के साथ नौ




मुठभेड़ हुई हैं। अब सामने आया है कि दो दिन पहले उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के राफियाबाद (सोपोर) में मारे गए दोनों पाकिस्तानी आतंकी लश्कर-ए ताइबा से जुड़े थे। जबकि एक दहशतगर्द घुसपैठ के दौरान उड़ी सेक्टर में मारा गया था। वहीं सामने आया है कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तानी उत्तरी कश्मीर में फिर से आतंकवाद को सक्रिय करने की साजिश रच रहा है। राफियाबाद में राष्टीय राइफल्स के कमांडर ब्रिगेडियर दीपक मोहन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से राफियाबाद में आतंकवादियों की मौजूदगी के इनपुट मिल रहे थे। 19 जून को जम्मू-कश्मीर पुलिस को हादीपोरा, राफियाबाद में एक घर में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस









**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को राजधानी के टीटी नगर स्टेडियम में जैन मुनिश्री प्रणाम सागर जी महाराज ने लोगों को 'भावना योग' करने की कला सिखाई। इस वृहद योग शिविर का आयोजन श्री दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट और गुणायतन परिवार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। मुनिश्री ने बताया कि भावना योग तन को स्वस्थ, मन को मस्त और आत्मा को पवित्र बनाने का अभिनव प्रयोग है। यह ध्यान की ऐसी विधा है, जिसमें भावना की गहराई में उतरकर व्याधियों से मुक्ति पाई जाती है।

### मामला पुलिस के सुपुर्द, पहले भी हो चुका है ऐसा फर्जीवाड़ा

# हमीदिया में मरीज से पूछताछ करने वाले 'पुलिसकर्मी' डॉक्टर की सतर्कता से भागे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हमीदिया अस्पताल में दो व्यक्ति खुद को पुलिसकर्मी बताकर वार्ड में घुसने का मामला सामने आया है। संदेह होने पर जब वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर से उनसे पूछताछ की और पहचान पत्र ( आईडी ) दिखाने को कहा तो वह गोलमोल जवाब देने लगे और कुछ ही देर बाद मौके से भाग निकले। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मामले की शिकायत कोहेफिजा थाने में की गई है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। हमीदिया अस्पताल में जब यह घटना हुई, उस समय डा. मनोज राजे ड्यूटी पर थे। मामले में डा. राजे ने बताया कि दो व्यक्ति आए और एक मरीज के बारे में पूछताछ करने लगे। मैंने उनसे पूछा कि वे किस थाने के हैं तो उन्होंने कहा कि वे सागर थाने से आए हैं। मैंने कहा कि सागर नाम का यहां कोई थाना नहीं है तो इस पर वह बदतमीजी करने लगे। उनके हावभाव देखकर लगा कि पुलिसकर्मी नहीं है। वे अपना आईकार्ड भी नहीं दिखा पाए। मैंने सिक्योरिटी को आवाज लगाई तो एक भाग गया। दूसरे युवक से जब सुरक्षाकर्मियों ने पूछताछ की तो वह खुद को पुलिसकर्मी बताता रहा। थोड़ी देर बाद वो भी मौका देखकर भाग गया।

दोनों संदिग्धों का कहना था कि वार्ड में भर्ती मरीज छेत्रपाल एक अपराधी है और वे पूछताछ करने आए हैं। उन्होंने कहा कि मरीज पर रेप के चार्जेज हैं। वह छत से कूद गया था, जिसके बाद यहां आ गया था। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि इस नाम के मरीज को डिस्चार्ज किया जा चुका है। बता दें कि पहले भी यहां कई संदिग्ध वार्ड में घुसने की कोशिश कर चुके हैं। करीब महीने भर पहले भी ऐसी ही एक घटना हो चुकी है। जब दो व्यक्ति धारदार हथियार लेकर अस्पताल में घुसने की कोशिश कर रहे थे।

### बिल्डर्स व कालोनाईजर्स को 7 जुलाई तक जवाब देने का समय

# शहर की 25 कॉलोनियां अवैध अब रजिस्ट्री-नामांतरण पर रोक



### 250 अवैध कालोनी हैं निशाने पर

बताया जाता है कि पूरे भोपाल जिले में कलेक्टर के निर्देश पर एक महीने पहले हुए सर्वे में हुजूर, बैरसिया, कोलार और बैरागढ़ क्षेत्र की करीब 250 कालोनियां चिह्नित की गई हैं। यह कालोनी बिना विकास अनुमति, कालोनाइजर लाइसेंस, डायवर्जन और टीएंडसीपी की अनुमति के काटी जा रही थी। इन कालोनाइजरों से अनुमति पेश करने के लिए कहा गया था लेकिन वह नहीं कर पाए। अब उनको समय दिया गया है। यदि वह नहीं दिखा पाए तो उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए कालोनियों का अधिग्रहण भी किया जाएगा।

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अवैध कालोनियों के खिलाफ शिकंजा कस रहे जिला प्रशासन ने अब एक बड़ी कार्रवाई की है। शहर के कोलार और हुजूर तहसील की 25 अवैध कालोनियों में रजिस्ट्री, नामांतरण पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही इन कालोनियों को काटने वाले कालोनाइजरों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उनको सभी अनुमति के साथ अपना जवाब सात जुलाई को दोपहर तीन बजे तक कलेक्टर न्यायालय में पेश करना होगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, इससे पहले कलेक्टर ने छह अवैध कालोनी के कालोनाइजरों को नोटिस जारी कर रजिस्ट्री, नामांतरण पर रोक लगा दी थी।इसके बाद यह दूसरी बड़ी कार्रवाई की गई है। कोलार तहसील के कानासैया में बचन सिंह, सरबजीत सिंह, अभिलाष मीना और एमकेडी प्रापर्टी के अनुज साहू द्वारा अवैध कालोनी काटी जा रही है। इसके अलावा पिपलिया बेरखेड़ी में मेसर्स कृष्णा बिल्डर के सुनील टिबडेबाल, बाके बिहारी डलवपर्स के अजय अग्रवाल, सुरैया नगर के कन्हैयालाल, पचामा के ललित साहू, अमरावद कला के प्रेमनारायण, शोभापुरा के हिम्मत सिंह, थुआखेड़ा के मेसर्स कृष्णा बिल्डर महेशन मनवानी, चंद्रप्रकाश मारण, मेसर्स स्वप्निल डपलपर्स के गौरव माखिजा, कालापानी के शीतल परिसर के संजय मिश्रा, बांके विहारी और श्रीजी डवलपर्स के अजय अग्रवाल,खंडाबड़ के गुलफाम और कोटरा के रविंद्र वर्मा द्वारा अवैध कालोनी काटी जा रही हैं। हुजूर तहसील के छावनी पठार में सबसे अधिक अवैध कालोनी विकसित की जा रही हैं। यहां कि चतरसिंह, रामबाबू ठाकुर, योगेश सिंह, रोहित सिह, कमलेश यादव, राकेश सिंह, मनोहर मेहरा को नोटिस दिए गए हैं। जबकि सेवनिया ओंकारा के श्याम प्रधान और कोलुआ खुर्द के नितेश, रोहित द्वारा अवैध कालोनियों काटी जा रही हैं।सभी अवैध कालोनाइजरों को नोटिस देकर हर तरह की अनुमति पेश करने के लिए कहा गया है।

### ग्राहक पंचायत की पहल

## एएसआई पर लोकायुक्त प्रकरण दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की शिकायत पर रिश्वत मांगने वाले एएसआई पर लोकायुक्त ने प्रकरण दर्ज किया है। बताया जाता है कि ग्राहक पंचायत भोपाल को प्राप्त शिकायती पत्र को संज्ञान में लेते हुए,एक विशेष टीम गठित कर लोकायुक्त के अधिकारियों से संपर्क कर उनके समक्ष प्रकरण रखा गया और संबंधित एएसआई के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। लोकायुक्त अधिकारियों ने दल गठित कर संजय सिसोदिया के खिलाफ कार्यवाही की। ग्राहक पंचायत के आशीष तिवारी , अर्जुन कुशवाहा, धीरज डांगा, प्रफुल्ल डांगे आदि ने इस मामले में विशेष भूमिका निभाते हुए एएसआई सिसौदिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया ।

## ननि के किया शराब दुकान पर जुर्माना

**भोपाल।** नगर निगम अमले द्वारा शराब दुकान में प्रतिबंधित पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का उपयोग किए जाने पर कार्रवाई की गई है। नगर निगम के जोन क्रमांक नौ के अमले ने वार्ड 37 के विजय नगर स्थित शराब दुकान में सिंगल यूज प्लास्टिक ग्लास, पानी के पाउच आदि का उपयोग करने और



आसपास फेंककर गंदगी फैलाने के चलते कार्रवाई की गई है। दुकान के केयर टेकर से दो हजार रुपये जुर्माना वसूला गया और भविष्य में सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग न करने और डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने की समझाइश दी गई है।

## कारगिल विजय दिवस पर मोटर साइकल अभियान दल संतनगर पहुंचा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



कारगिल विजय दिवस मोटर साइकल अभियान दल गुरूवार को संतनगर पहुंचा। इंडियन आर्मी के बाइकर्स का हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप पंजाब सर्विस स्टेशन लालघाटी पर वेलकम किया गया।

25 वें कारगिल विजय दिवस पर आर्टिलरी रेजिमेंट मोटर साइकल यात्रा निकाल रही है, जिसमें भारतीय सेना के बाइकर्स हिस्सा है। यात्रा की शुरूआत 12 जून को तमिलनाडु से शुरू हुई हुई है। 24 जून को नई दिल्ली पहुंचेगी। इसके पहले 4,000 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए विभिन्न राज्यों से गुजर रही है, दिल्ली से कारगिल जाएगी। गुरूवार को भोपाल में लालघाटी पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के मुख्य महाप्रबंधक ने स्वागत किया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम अभियान में मोटरसाइकलों और वाहनों के लिए ईंधन उपलब्ध कराकर सैल्यूट कर रहा है। यात्रा का उद्देश्य सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान का जश्न मनाना है। देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी बढ़ावा देना है।

## संतनगर की तनीषा को कांस्य पदक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



इंदौर में चल रही अस्मिता खेलो इंडिया वूमेन्स वेटलिफ्टिंग लीग में संतनगर की तनीषा आसनानी ने पदक हासिल किया है। 12 वर्षीय तनीषा ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 59 किलो ग्राम भार वर्ग कुल 110 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया है। यह पहला मौका है जब भोपाल की किसी खिलाड़ी ने प्रतियोगिता में पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता में देशभर से 250 खिलाड़ियों ने भाग ले रहे हैं । बता दे तनीषा 2 वर्षों से अपने पिता व कोच जितेंद्र आसनानी से वेटलिफ्टिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

### मेट्रो एंकर — 24 से 30 जून तक होने वाली शिव महापुराण कथा का आयोजन

# शिव महापुराण की तैयारियों को लेकर बैठक कलश यात्रा की जिम्मेदारी सौंपी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



पूर्ण ज्योति सेवा संस्था भोले के दरबार द्वारा आयोजित 24 जून से 30 जून तक होने वाली शिव महापुराण कथा के व्यवस्थित आयोजन और भव्य कलश यात्रा के लिए बैठक हुई, शिव महापुराण के कथावाचक मुकेश जी महाराज द्वारा भोले के दरबार में रखी गई, जिसमे भोले के दरबार के प्रमुख हीरो हिन्दू मौजूद थे।

बैठक में मुकेशजी ने कथा से संबंधित कलश यात्रा एवं प्रतिदिन की कथा व प्रसाद एवं आम भंडारे की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। महिला मंडल को उनके कार्यभार सौंपा गया, जिसमें कलश यात्रा से लेकर कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से बिठाने प्रसाद बांटने और भंडारे प्रसादी खिलाने की सेवा की जिम्मेदारी सौपी गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे जिसके लिए जिन महिलाओं को कमान सौंप गई है जिसमें पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, पूर्व पार्षद संध्या प्रधान, भाजपा की संत नगर महिला मंडल अध्यक्ष भारती मूलचंदानी, भाजपा नेत्री किरण वाधवानी, सीमा लालवानी, पूनम यादव, सोनू जैन, भावना उदासी, निर्मला सोनी, रीना पोद्दार, भारती गुप्ता, विद्या कृष्णानी, आभा शर्मा, कला रजक, कविता गुलानी को जिम्मेदारी सौंपीं गई। इस अवसर पर भोले के दरबार में मुकेश जी महाराज के साथ समस्त महिला मंडल एवं भोले के दरबार के प्रमुख हीरो ,हिंदू, भाजपा नेता महेश खटवानी, प्रभु दास मूलचंदानी, मधु घनश्यानी, शमी गंगवानी, प्रवीण होतवानी, प्रकाश मीणा, सनी वाधवानी, राकेश बेलानी, अशोक तनवानी, नानक दादलानी, रवि लालवानी रामचंद्र सबनानी एवं कई सेवादारी उपस्थित रहे।

### पंचायत मंत्री पटेल ने साप्ताहिक समीक्षा कर अधिकारियों को फटकारा

# पटेल ने पौधे तो चौहान ने वन भवन बचाने झोंकी ताकत, अफसरों को दो टूक

## वन मंत्री ने मंत्रालय और वन भवन में की मैराथन बैठकें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सरकार के पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने एक दिन पहले मैराथन बैठकें की। जिसमें विभागीय अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई और फटकारा। समय-सीमा में काम पूरे करने के दो टूक निर्देश दिए। इन मंत्रियों का कहना था कि यदि काम हो रहे हैं तो उसकी प्रगति दिखनी चाहिए।



### भवन पर सौ फीसद अधिपत्य के प्रयास

वन विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर पौधे लगाए जाने हैं, इसको लेकर तैयारियां की जा रही है। वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने अधिकारियों से कहा है कि अकेले पौधे लगाने भर से काम नहीं चलेगा, उन्हें जिंदा रखने का भी रिकार्ड बनाना चाहिए, तब तो बात है। असल में वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने वन भवन को बचाने के लिए गुरुवार पूरे दिन माथापच्ची की। विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर रास्ता निकालने का प्रयास किया। तुलसी नगर के पास वन भवन है, जिसका निर्माण वन भूमि पर किया गया, राशि भी वन विभाग ने खर्च की। इसके ई-ब्लॉक के कुछ हिस्से को श्रम जैसे कुछ अन्य विभागों ने खरीदा है। कुछ के नाम रजिस्ट्री की प्रक्रिया हो चुकी है। वन मंत्री की मंशा है कि वन भवन का 100 प्रतिशत हिस्सा वन विभाग के पास ही रहे।

### पौधे लगाए तो उन्हें जिंदा भी रखें

पंचायत की सीमा से निकली नदियों को संरक्षित करके रखें और यदि पौधे लगाएं तो उन्हें जिंदा भी रखें। ये दो टूक निर्देश पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। पंचायतों को हरा-भरा बनाएं। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में संरक्षित रखने, नदियों के उद्गम स्थलों की सुरक्षा करने के समुचित प्रयास हो। सभी भवनों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग की समुचित व्यवस्था की जाए। नगरीय क्षेत्र की पांच किलोमीटर की परिधि में आने वाली ग्राम पंचायत तथा नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे पर स्थित बड़ी ग्राम पंचायतों को भी सुनियोजित विकास के दृष्टिकोण के साथ विकसित करना होगा। ग्राम पंचायतों को स्वावलंबी बनाना प्राथमिक उद्देश्य है। इसके लिए सबसे ज़रूरी है ग्रामीण क्षेत्रों का आर्थिक सशक्तिकरण करने की दिशा में काम करें। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दें। ग्रामीण क्षेत्रों में होम स्टे की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना होगा। पैसा अधिनियम के तहत गठित समितियों के कार्य अच्छा होना चाहिए।

# सिकल सेल एनीमिया के उपचार पर रिसर्च को बढ़ाया जाएगा




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि जैव विविधिता एवं औषधीय वनस्पति की उपलब्धता को देखते हुए यहां सिकल सेल एनीमिया सहित अन्य बीमारियों के उपचार पर रिसर्च कार्य को तेजी से बढ़ाया जाना चाहिए। जिससे देश और विदेश में डिंडोरी का नाम प्रसिद्ध हो। सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम और जागरूकता के लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं-समाजसेवियों-चिकित्सकों के समन्वित प्रयास से इसे सामाजिक आंदोलन बनाना होगा। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। उप राष्टपति श्री धनख? डिण्डौरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम विश्व सिकल सेल दिवस-2024 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए प्रदेश में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उप राष्टपति को गोंडी पेंटिंग भी भेंट की। राज्यपाल पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में सिकल सेल एनीमिया को नियंत्रित करने के लिए प्रदेश में जारी प्रयासों पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। उप राष्टपति ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक और सामाजिक परिवेश में जनजातियों का बहुत अधिक महत्व है। द्रोपदी मुर्मु का राष्टपति बनना भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति कर रही है। आर्थिक परिदृश्य में ब्राजील, कनाडा, इंग्लेंड और फ्रांस जैसे देशों से भारत आगे निकला है। इस क्रम में जर्मनी और जापान से भी हम आगे निकलेंगे। इसमें जनजातीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट बनाने और देश को सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति कराने का संकल्प लिया है।

# हिंदी भवन में मराठी से अनुदित पुस्तकों का लोकार्पण



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अनुवाद ऐसी विधा है जिसकी सहायता से हम एक भाषा का साहित्य अन्य भाषा-भाषियों के बीच पहुंचा सकते हैं। सरल-सहज अनुवाद के जरिए कोई कृति आये तो पाठक उससे सहज ही जुड़ जाता है। युवाओं को इस विधा में आगे आना चाहिए। यह कहना है सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल नरेशचंद्र मारवाह का। वे हिंदी भवन में साहित्यकार डॉ. प्रतिभा गुर्जर द्वारा मराठी से हिंदी में अनुवाद की गई दो पुस्तकों के लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत ने की।

**भाषाओं के बीच आपसी संबंध स्थापित कर सकता है 'अनुवाद'**

**भाव भी बनाए रखें:** अध्यक्षीय उद्बोधन में कैलाशचंद्र पंत ने कहा कि प्रतिभा गुर्जर का इन पुस्तकों का अनुवाद के लिए चयन करना उनके देश के प्रति राष्ट्रीय भावना को दर्शाता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने कहा ऐतिहासिक महत्व के लेखन की जो परंपरा मराठी में मिलती है वह हिंदी में कम है। प्रतिभा जी के इस प्रयास के बाद हम उम्मीद कर सकते हैं कि हिंदी लेखक भी इस परंपरा को अपनाएंगे। विशिष्ट अतिथि मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतिभा ने अनुवाद करते समय व्याकरण, भाषा का ध्यान के साथ भाव को भी रखा।

### 575 केस दर्ज, 342 वाहन भी जब्त

# 6 महीने में 7 हजार गोवंश को बूचड़खाना से बचाया, 1121 को किया गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के अंदर से होकर बड़ी संख्या में गोवंश को बुचूड़खाना तक पहुंचाया जा रहा है, यह बात पुलिस द्वारा पिछले 6 महीने में की कार्रवाई में एक बार फिर साबित हुई है। विभिन्न संगठनों द्वारा आरोप लगाया जाता रहा है कि गोवंश की तस्करी हो रही है और पुलिस चुपचाप मौन साधे रहती है। इन आरोपों से तंग आकर और मोहन यादव की सरकार की सख्ती के बाद पुलिस ने सतर्कता दिखाई तो महज 6 महीने में 7 हजार गोवंश को बूचड़खाने तक पहुंचने से बचाया गया। इस अवैध कारोबार में लगे 1121 लोगों के खिलाफ 575 केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इस अवैध परिवहन में लगे 342 वाहनों को जब्त किया गया, अब इन्हें राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश की पुलिस ने ये सभी कार्रवाईयां पिछले 6 महीने में की है। पुलिस ने इसे खुफिया तंत्र की सजगता और मैदानी अमले की सफलता बताया है। असल में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से लगातार शिकायतें मिल रही थी कि गोवंश का अवैध परिवहन किया जा रहा है, इस पर सख्ती जरुरी है जिसको लेकर सरकार ने पुलिस को सतर्क होकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। पुलिस के मुताबिक बीते 10 वर्षों के गोवंश के अवैध परिवहन के ट्रेंड व रूट्स का विश्लेषण कर कार्ययोजना तैयार की और बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, उज्जैन, रतलाम, नीमच जिलों में सर्वाधिक कार्रवाई की। इन जिलों में पाया गया कि गोवंश का अवैध परिवहन करने वाले अपराधी मुख्य मार्गों से हटकर जंगल व गांव के कच्चे रास्ते से आना जाना कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 11 जून 2024 को कलेक्टर और एसपी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कहा था कि गोवंश के अवैध परिवहन को लेकर सख्ती से निपटें। जिसके बाद पुलिस और एक्शन में आ गई। 13 से 20 जून तक विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई, जो जारी है।



# 210 घंटे की पढ़ाई पर छात्रों को 40-54 क्रेडिट अंक मिलेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




नई शिक्षा नीति के तहत माध्यमिक शिक्षा मंडल क्रेडिट सिस्टम लागू करने पर विचार कर रहा है। इस सिस्टम के तहत बच्चों की स्कूल में उपस्थिति पर उन्हें क्रेडिट दिए जाएंगे। यह घंटों के आधार पर होंगे। अभी यह कॉलेज और सीबीएसई में पहले से लागू है। मंडल ने सीबीएसई और कॉलेजों से इसकी जानकारी देने के लिए पत्र लिखा है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने क्रेडिट सिस्टम को पॉयलट प्रोजेक्ट के तौर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 से छठीं, नौवीं व ग्यारहवीं में लागू करने की तैयारी की है। इस सिस्टम के तहत नौंवी में साल भर में 210 घंटे की पढ़ाई करने पर छात्रों को 40-54 क्रेडिट अंक मिलेंगे। यह क्रेडिट सभी विषयों में परीक्षा पास करने पर ही मिलेंगे। साल भर में एक कक्षा में 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होगी। अब बोर्ड ने इसकी प्रभावशीलता का परीक्षण, मूल्यांकन करने के लिए छठी, नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा में इन दिशा निर्देशों के एक पायलट कार्यान्वयन की योजना बनाई है। इसी की तर्ज पर मंडल इस इस पैटर्न पर अध्ययन कर रहा है। अधिकारियों के मुताबिक इसकी हमने जानकारी मांगी है। कक्षा में उपस्थिति के आधार पर छात्र को केडिट अंक दिए जाएंगे। प्राप्त होने वाले क्रेडिट एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में जुड़ते रहेंगे। कक्षाओं में क्रेडिट सिस्टम के लिए समीक्षा की जा रही है। इस सिस्टम के तहत बच्चों की कक्षा में उपस्थिति में उन्हें केडिट दिए जाएंगे। जिसने ज्यादा क्रेडिट उतनी बेहतर परफारमेंट कहलाएगी। अभी इस पर विचार चल रहा है। सीबीएसई सहित कॉलेजों से इस सिस्टम की जानकारी मांगी है। अधिकारियों ने बताया कि बाद में ये ग्रेड में तब्दील कर दिए जाएंगे। क्रेडिट प्रारंभिक चरण है। माध्यमिक शिक्षा मंडल सीबीएसई के पैटर्न को फॉलो करता है। नई शिक्षा नीति के तहत सीबीएसई ने क्रेडिट शुरू किया गया है। उसे देखते हुए मंडल भी इस पर अध्ययन कर रहा है। अभी पांचवीं आठवीं में है ग्रेडिंग- दसवीं बारहवीं में भले ही ग्रेडिंग सिस्टम न हो लेकिन प्रदेश में कक्षा पांचवीं और आठवीं में यह सिस्टम लागू है। बच्चों को अंकों की बजाय ग्रेड दिए जाते हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र ने ये परीक्षाएं कराई थी। जो बोर्ड पैटर्न पर हुई थीं।


**मेट्रो एंकर** सीएम ने समत्व भवन में उच्च स्तरीय बैठक में परियोजना पर चर्चा की

# मुख्यमंत्री ने कहा- किसानों के हित में खरीफ से लागू करें डिजिटल क्रॉप सर्वे परियोजना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खरीफ-2024 से कृषक हित में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना का क्रियान्वयन पूरे प्रदेश में किया जाए। इस परियोजना में किसान बंधु नवीन तकनीक से अपनी गिरदावरी को देख सकेंगे। यही नहीं फसल नुकसान की दशा में किसानों को बीमा राशि भी अविलंब प्राप्त हो जाएगी। परियोजना में सैटेलाइट इमेज द्वारा संभावित फसल की जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी। इससे किसानों को उपार्जन में सहायता मिलेगी साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड भी तत्काल स्वीकृत करने में आसानी होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास में हुई एक बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना के संबंध में चर्चा कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा एवं प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज श्रीवास्तव से परियोजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने परियोजना की सराहना करते हुए इसके क्रियान्वयन से जु?ी प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना द्वारा ग्राम में उपलब्धि स्थानीय युवा के माध्यम से नवीन तकनीक (जियो फेंस) का उपयोग कर कराया जाएगा। खेत में जाकर फसल का फोटो खींचने की प्रक्रिया आसानी से पूर्ण हो जाएगी। सर्वेयर द्वारा खींची गयी फ़ोटो की जियो टैगिंग भी होगी, अतः अनिवार्य रूप से खेत में जाकर क्रॉप सर्वे करना होगा और साक्ष्य के रूप में फसल की फ़ोटो भी उपलब्ध रहेगी। इससे कृषक भी अपनी गिरदावरी को देख सकेंगे और आपत्ति भी दर्ज कर सकेंगे। इस प्रकार नवीन तकनीक का उपयोग कर ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके साथ ही सैटेलाइट इमेज से भी संभावित फसल की जानकारी प्राप्त कर उसका तुलनात्माक अध्यगयन किया जाएगा एवं विसंगति पाई जाने पर जांच की कार्यवाही शासकीय सेवकों द्वारा की जा सकेगी। इस प्रकार फसल की सटीक जानकारी प्राप्त कर फसल के संबंध में बेहतर पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा। परियोजना के क्रियान्वयन से प्रदेश के किसानों को उपार्जन कार्य में भी सहायता मिल सकेगी और उन्हें शीघ्र के.सी.सी. स्वीकृत हो सकेंगे। किसानों को फसल नुक़सान की स्थिति में बीमा राशि भी तत्काल मिल सकेगी।



## संपादकीय

# दाखिला दो बार, कमियां हजार

करीब चार साल पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मंजूरी मिलने के बाद अब और सुधारों की शुरुआत की गई है। अभी यह बदलाव उच्च शिक्षा क्षेत्र से संबंधित है जिससे चार करोड़ छात्र-छात्राएं जुड़े हैं। देशभर में फैले विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में करीब 20 लाख शिक्षक हैं। यह ताजा बदलाव सभी उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में वर्ष में दो बार दाखिले की व्यवस्था से संबंधित है जिसकी शुरुआत स्नातक स्तर से होनी है। दरअसल, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने हाल ही में विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों को साल में दो बार दाखिला देने की अनुमति प्रदान कर दी है। एक बार जुलाई-अगस्त में और दोबारा जनवरी-फरवरी में। इससे उन बच्चों को लाभ होगा जो परीक्षा के नतीजे आने में देरी, स्वास्थ्य कारणों या किसी निजी कारण से जुलाई-अगस्त में दाखिला नहीं ले पाते हैं। अब वे बिना एक साल इंतजार किए अपने पसंदीदा पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकेंगे। यूजीसी को उम्मीद है कि इस मॉडल को अपनाने से न केवल दाखिलों का अनुपात बेहतर होगा बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और छात्रों के आदान-प्रदान की स्थिति में भी सुधार होगा जिससे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा। इससे भारत को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मानकों के अनुरूप करने में मदद मिलेगी। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के मुताबिक उच्च शिक्षा में दाखिले का अखिल भारतीय औसत 2021-22 में 28.4 फीसदी था जो पिछले सालों से बेहतर था और जिसमें निरंतर सुधार हो रहा है। हालांकि विभिन्न राज्यों में काफी अंतर अभी भी है। साल में दो बार दाखिला देने की व्यवस्था को अनिवार्य नहीं किया गया है। अब यह विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों को तय करना है कि वे नई व्यवस्था को अपनाना चाहते हैं या नहीं। कुछ विश्वविद्यालयों अगले अकादमिक सत्र से इसे लागू करने पर विचार कर रहे हैं। अभी इसे चुनिंदा पाठ्यक्रमों में प्रायोगिक तौर पर आरंभ किया जाएगा। मगर यह आशंका भी है कि नई व्यवस्था को अपनाने वाले उच्च शिक्षा संस्थानों को कई तरह की दिक्कतें भी हो सकती हैं। उदाहरण के लिए यह स्पष्ट नहीं है कि ये छात्र-छात्राएं सामान्य बैच और उनके अकादमिक कैलेंडर के साथ तालमेल बिठा सकेंगे या नहीं या फिर क्या उन्हें अपने अकादमिक कैलेंडर के साथ एक नई शुरुआत का अवसर मिलेगा। अगर बाद वाली स्थिति होती है तो संस्थानों को एक ही साल के बच्चों के लिए दो अलग-अलग सेमेस्टर का संचालन करना होगा। संभव है कि संस्थानों के पास बड़े हुए बच्चों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त कर्मचारी, शिक्षक और कक्षाओं, पुस्तकालयों और प्रयोगशालाओं जैसी अधोसंरचना न हो। यूजीसी ने 1:20 के छात्र शिक्षक अनुपात की बात कही है लेकिन अभी ही यह 1:27 के साथ काफी ऊंचा बना हुआ है। यानि उच्च शिक्षा व्यवस्था शिक्षकों की संख्या और गुणवत्ता दोनों में कमी की शिकार है। सरकारी संस्थानों का बुनियादी ढांचा भी बहुत अच्छा नहीं है। 24-25 में उच्च शिक्षा के बजट आवंटन में पिछले वर्ष की तुलना में करीब आठ फीसदी का मामूली इजाफा किया गया, जबकि अपेक्षा व प्रतिस्पर्धा के लिए जरूरत ज्यादा की हैं। हो सकता है कि कुछ निजी विवि नई दाखिला व्यवस्था अपनाने के लिए बेहतर स्थिति में हों। उन्हें अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी करने में भी मदद मिलेगी। मगर सबसे जरूरी तो यह है कि संस्थानों में शिक्षकों और बुनियादी ढांचे के हालात सुधरें।

# ईवीएम की अंतिम बार हो अग्निपरीक्षा, फिर कोई सवाल उठाए तो सख्ती से निपटा जाए

■ विनोद पाठक



बीती 4 जून को लोकसभा चुनाव में पड़े वोटों की गिनती से ठीक पहले तक विपक्ष इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर बेहद आक्रामक और हमलावर रहा। हालांकि, 4 जून को जैसे-जैसे चुनाव के नतीजे आते गए, वैसे-वैसे ईवीएम का जिक्र पीछे छूटता चला गया। दरअसल, लोकसभा चुनाव में इस बार किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। सत्तारूढ़ रही भारतीय जनता पार्टी बहुमत से थोड़ा पीछे रह गई, जबकि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिकांश विपक्षी पार्टियां वर्ष 2014 और 2019 से अच्छा प्रदर्शन कर लोकसभा पहुंचीं।एक तरह से यह मान लिया गया कि ईवीएम पर सभी दलों का विश्वास पुनः लौट आया है, लेकिन अब दो घटनाओं ने एक बार फिर ईवीएम के जिन्न को बोतल से बाहर निकाल दिया है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि भारतीय राजनीतिक दल ईवीएम को लेकर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं, जबकि भारत में ईवीएम का प्रयोग होते हुए करीब 42 साल हो चुके हैं। आज सभी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में ईवीएम इस्तेमाल हो रही है।

पहली घटना मुंबई नार्थ वेस्ट लोकसभा सीट को लेकर सामने आई। अब एक स्थानीय अखबार ने खबर छापी कि ईवीएम को मोबाइल से जोड़कर ओटीपी द्वारा अनलॉक किया गया। इस सीट पर जीत केवल 48 वोटों से हुई है। चुनाव आयोग ने भ्रामक खबर छापने के लिए न केवल संबंधित अखबार को नोटिस जारी किया है, बल्कि प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह स्पष्ट किया कि ईवीएम को मोबाइल या किसी अन्य डिवाइस से जोड़ा नहीं जाता है। यह एक स्वतंत्र ईकाई होती है। साफ है, चुनाव आयोग ने तो अपनी बात कह दी, लेकिन इस खबर को विपक्ष नेताओं ने हाथों-हाथ लिया। एक बार पुनः ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए। वही पुरानी बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग दोहरा दी।

दूसरी घटना विदेश से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठने वाली आई। बड़े बिजनेस टाइकून एलन मस्क ने यह कहकर सनसनी फैली दी कि ईवीएम को बंद कर देना चाहिए, क्योंकि इसको इंसानों या एआई द्वारा हैक किया जा सकता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह उन्होंने भारत के संदर्भ में कहा या अमेरिका को लेकर। एलन मस्क के कथन का खंडन पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने तत्काल कर दिया। उन्होंने जवाब दिया कि यह विचार अमेरिका पर लागू हो सकता है, जहां इंटरनेट से जुड़ी ईवीएम बनाने के लिए कंप्यूटर प्लेटफॉर्म प्रयोग होता है। भारत में ईवीएम नेटवर्क बिल्कुल अलग है। यह किसी कनेक्टिविटी, ब्लूटूथ या वाई-फाई से जुड़ी नहीं होती है। हमारे यहां ईवीएम हैकिंग संभव नहीं है। वैसे, ईवीएम पर सवाल उठाना कोई नई बात नहीं है। पूर्व उप प्रधानमंत्री और भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी भी ईवीएम को बंद करने की वकालत कर चुके हैं। दरअसल, जो पार्टी विपक्ष में होती है, वो ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती है।

अब ईवीएम के भारतीय संस्करण की बात कर लेते हैं। भारत में सबसे पहले ईवीएम को केरल में वर्ष 1982 में एक उप चुनाव के दौरान प्रयोग में लिया गया था। उस समय कुछ ही पोलिंग बूथों पर ईवीएम को रखा गया। हालांकि, तब सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के प्रयोग पर यह कहते हुए रोक लगा दी थी कि इसके इस्तेमाल को लेकर किसी कानूनी प्रक्रिया को नहीं अपनाया गया, यानी कोई वैधानिक दर्जा ईवीएम को नहीं मिला है।वर्ष 1988 में तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने संविधान में एक संशोधन कर ईवीएम के प्रयोग को हरी झंडी दी। कमाल की बात है कि आज ईवीएम को लेकर कांग्रेस पार्टी सबसे अधिक मुखर है। वर्ष 2004 में पहली बार ईवीएम का इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में हुआ, तब 10 लाख से ज्यादा ईवीएम को प्रयोग में लिया गया था।

सवाल उठता है कि जब भारत में ईवीएम का इतने व्यापक स्तर पर इस्तेमाल हो सकता है तो अमेरिका, नीदरलैंड, आयरलैंड, जर्मनी जैसे विकसित देशों में ईवीएम क्यों बंद कर दिया गया? दरअसल, भारत के उल्ट अमेरिका, आयरलैंड, नीदरलैंड, जर्मनी आदि में स्वतंत्र ईकाई न होकर ईवीएम एक प्रत्यक्ष रिकॉर्डिंग मशीन थी। फिर वहां की सरकार ने ईवीएम को कोई कानून मान्यता भी नहीं दी है।भारत की परिस्थितियों बिल्कुल अलग हैं। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। अभी हालिया लोकसभा चुनावों में 60 करोड़ से अधिक लोगों ने ईवीएम से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पूरी चुनावी प्रक्रिया बेहद पारदर्शी है। न तो वोट डालते समय, न वोटों की गणना के समय किसी तरह की कोई परेशानी सामने आई, जबकि बैलेट पेपर से चुनाव कराना न केवल बेहद खर्चीला होता था, बल्कि चुनाव प्रक्रिया बेहद लंबी भी होती थी। चुनाव प्रक्रिया पर बार-बार सवाल उठाना स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है। सभी राजनीतिक पार्टियों को चुनाव आयोग के साथ बैठकर इस मुद्दे को एक्सपर्ट्स के नजरिए से समझना चाहिए। कुछ पार्टियों में तकनीकी जानकारी रखने वाले नेता भी हैं। उन्हें आगे आना चाहिए। फिर चुनाव आयोग समय-समय पर ईवीएम को हैक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करता है, लेकिन आज तक कोई भी ईवीएम को हैक करने नहीं पहुंचा है।

चुनाव आयोग को चाहिए कि वो एक बार फिर ईवीएम हैकिंग की प्रतियोगिता आयोजित करे और देश-विदेश से हैकर्स को ओपन चैलेंज दे। इस बार जो भी नतीजा निकले, उसे सर्वमान्य माना जाए। इसके बाद जो राजनीतिक दल या नेता ईवीएम को लेकर सवाल उठाए और यदि वो अपने आरोपों को सिद्ध नहीं कर पाए तो इनसे चुनाव आयोग सख्ती से निपटे।

**– साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

## निशाना

### कब तक होगी रोकथाम ?



– कृष्णेन्द्र राय

धांधली और गड़बड़ी ।
पकड़ रही रफ़्तार ।।
बच्चों के भविष्य पर ।
दिन पर दिन प्रहार ।।
कब तक होगी रोकथाम ?
ना लगती लगाम ।।
लगता इसके अंदर ।
बड़े बड़े नाम ।।
हैं बच्चे अवसाद में ।
नहीं निकलता हल ।।
हो रहा खिलवाड़ उससे ।
जो उनका है कल ।।
हैं ऐसे दोराहे पर ।
समझ नहीं कुछ आता ।।
जो व्यवधान डाल रहे ।
क्या कुछ उनका जाता ।।

## आज का इतिहास

- 1989 जापान के एनालॉग शहर में दुनिया का पहला एचडीटीवी प्रसारण शुरू किया गया।
- 2006 पाकिस्तान दा विंची कोड फिल्म पर प्रतिबंध लगाता है क्योंकि इसमें यीशु के बारे में निन्दात्मक सामग्री शामिल है। दा विंची कोड एक 2006 अमेरिकी रहस्य-थ्रिलर फिल्म है, जो जॉन केली और ब्रायन ग्रेजर द्वारा निर्मित और रॉन हॉवर्ड द्वारा निर्देशित है। पटकथा अकिवा गोल्डस्मैन द्वारा लिखी गई थी और डैन ब्राउन के 2003 में इसी नाम के सबसे अधिक बिकने वाले उपन्यास से अनुकूलित की गई थी। फिल्म में टॉम हैंक्स, ऑड्रे टुटौ, इयान मैककेलेन, अल्फ्रेड मोलिना, जुरगेन प्रांचो, जीन रेनो और पॉल बेट्टनी जैसे कलाकार हैं।
- 2007 म्यांमार और लाओस सीमाओं के पास दक्षिणी चीन में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे लोग हताहत हुए।
- 2008 चीन राष्ट्रीय पेट्रोलियम निगम नाइजर में तेल का उत्पादन करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करता है। चाइना नेशनल पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन एक चीनी राज्य के स्वामित्व वाली तेल और गैस निगम और चीन की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी है। इसका मुख्यालय डोंगचेंग जिला, बीजिंग में है। पेट्रो चाइना की जनक है, जो जुलाई 2014 तक राजस्व के मामले में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी कंपनी है।
- 2009 अमेरिकी लेखिका मर्लिन रॉबिन्सन ने अपने उपन्यास होम के लिए फिक्शन के लिए ऑरेंज पुरस्कार जीता। मर्लिन सुमेर रॉबिन्सन (जन्म 26 नवंबर, 1943) एक अमेरिकी उपन्यासकार और निबंधकार हैं। उन्हें 2005 में फिक्शन के लिए पुलित्जर पुरस्कार और 2012 के राष्ट्रीय मानविकी पदक सहित कई पुरस्कार मिल चुके हैं।

नमक जैसा किरदार बनाओ
'ना कोई ज्यादा इस्तेमाल करे ना कोई आपके बिना रह सके'

# योग सशक्त माध्यम है महिला सशक्तीकरण एवं शांति का

■ ललित गर्ग

मनुष्य के सम्मुख युद्ध, महामारी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रतिस्पर्धा के कारण जीवन का संकट ख?ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। योग ने सिर्फ शरीर को बल्कि मंन को भी शांति और एकाग्रचित करता है। योग के अभ्यास से शांतिपूर्ण मन से व्यक्ति को समाज कल्याण के लिए एक बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलती है। इस बार 10वीं बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया जायेगा। इस साल योग दिवस की थीम महिलाओं पर आधारित 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' है।

भारत ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बड़ावा दिया। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी है। यह शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति प्रदान करता है। भारतीय संस्कृति से जुड़ी ये क्रिया अब विदेशों तक फैल चुकी है।

योग एक स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली को प्रोत्साहित करता है। ध्यान व योग मानसिक शांति देता है, जिससे सकारात्मक विचार आते हैं और लोग स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है, जो अब वैश्विक संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है। योग से परस्पर देश विदेश के योगी एक दूसरे से जुड़ते हैं और सांस्कृतिक एकता को बड़ावा देते हैं। इस वर्ष योग दिवस का लक्ष्य योग के माध्यम से महिलाओं के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक कल्याण को बड़ावा देना है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि महिलाएं स्वस्थ और आत्मविश्वास से भरपूर हों और समाज में अग्रणी भूमिका निभा रहीं है। इस वर्ष महिलाओं को प्रभावित करने वाली विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों जैसे- मासिक धर्म की परेशानी, रजोनिवृत्ति के लक्षण और प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर शोध करने की योजना है। योग आत्म-जागरूकता और आत्म-स्वीकृति को बड़ावा देता है, जो महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान बड़ा सकता है, जिससे महिलाओं को अपने लक्ष्यों और आकांक्षाओं को पूरा करने की शक्ति मिलती है। योग के माध्यम से विश्व शांति, उन्नत व्यक्तित्व विकास, शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, गुस्सा एवं तनाव कम करने जैसे लक्ष्यों को भी हासिल किया जायेगा।



अतंरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष

पिछले दिनों कनाडा के ओंटेरियो यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन के अनुसार कुंठा और तनाव के लगभग 64 प्रतिशत मरीजों ने माना कि उन्हें इस बात का अंदाज नहीं था कि उनकी खास बीमारी की वजह अंदर दबा गुस्सा हो सकता है। गुस्से की वजह से कुछ मामलों में मरीजों ने अपने आपको नुकसान भी पहुंचाया। एबी कहते हैं, 'आपको पता ही नहीं होता कि आपने अपने दिल में क्या-क्या भर रखा है। इसके लिए जरूरी है कि अपने आपको जानें। अगर कोई पुरानी बात आपको मथ रही है तो उसे जाने न दें। आप उस व्यक्ति को माफ कर दें और खुद को भी। इस तरह बिना बोझ के आप जिंदगी में आगे बड़ पाएंगे।' मन की गंदगी को धोने का माध्यम है योग। पवित्र अंतःकरण ही वह दर्पण है जिसमें आत्मा का दर्शन, प्रकृति का प्रदर्शन और ब्रह्म का संदर्शन होता है। शुद्ध अंतःकरण में बुद्धि आकाशवत् निर्मल और स्वच्छ रहती है, मन गंगा जैसा पवित्र रहता है, चित्त ऐसा स्थिर रहता है जैसे बिना वायु के अविचल दीपक की ज्योति और सम्पूर्ण चेतना भगवान में मिलने के लिए ऐसी बहती है जैसे समुद्र में मिलने के लिए नदियां। जैसे शीशे में अपना चेहरा तभी दिखलायी पड़ता है जबकि शीशा साफ और स्थिर हो, इसी प्रकार शुद्ध अंतःकरण से ही परम ब्रह्म के दर्शन होते हैं।

अभी कुछ दिन पहले ही एक बात समाचारपत्रों में पड़ी कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। चाहे कर्म का क्षेत्र हो या धर्म का क्षेत्र हो, दोनों में हम पिछड़े हुए हैं। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। इसी भारतीय योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है। इसीलिये समूची दुनिया के लिये अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वीकार्य हुआ है।

हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है। इसे संतुलित करने का माध्यम योग है। शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक शांति एवं स्वस्थ्यता के लिये योग की एकमात्र रास्ता है। लेकिन भोगवादी युग में योग का इतिहास समय की अनंत गहराइयों में छुप गया है। वैसे कुछ लोग यह भी मानते हैं कि योग विज्ञान वेदों से भी प्राचीन है। दुनिया में भारतीय योग को परचम फहराने वाले स्वामी विवेकानंद कहते हैं-''निर्मल हृदय ही सत्य के प्रतिबिम्ब के लिए सर्वोत्तम दर्पण है। इसलिए सारी साधना हृदय को निर्मल करने के लिए ही है। जब वह निर्मल हो जाता है तो सारे सत्य उसी क्षण उसमें प्रतिबिम्बित हो जाते हैं।...पावित्र्य के बिना आध्यात्मिक शक्ति नहीं आ सकती। अपवित्र कल्पना उतनी ही बुरी है, जितना अपवित्र कार्य।'' आज विश्व में जो आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, साम्प्रदायिक विद्धेष की ज्वलंत समस्याएं खड़ी है, उसका कारण भी योग का अभाव ही है। हम अपनी समस्या को समझें और अपना समाधान खोजें। समस्याएं परेशान करती हैं। जरूरत खुद को काबू में रखने की होती है, हम दूसरों को काबू में करने में जुटे रहते हैं।

विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लडने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे। हम जितना ध्यान रोगों को ठीक करने में देते हैं, उतना उनसे बचने में नहीं देते। दवा पर जितना भरोसा रखते हैं, उतना भोजन पर नहीं रखते। यही कारण है रोग पीछा नहीं छोड़ते। हमें यह पता होता है कि कार के लिए कौन सा ईंधन सही है, पर हम ये नहीं जानते कि शरीर को ठीक रखने के लिए कौन से ईंधन की जरूरत हैड़ हमें कैसा भोजन करना चाहिएड़ कैसी सोच चाहिएड़ कैसी जीवनशैली चाहिएड़

योग एवं ध्यान एक ऐसी विधा है जो हमें भीड़ से हटाकर स्वयं की श्रेष्ठताओं से पहचान कराती है। हममें स्वयं पुरुषार्थ करने का जज्बा जगाती है। स्वयं की कमियों से रू-ब-रू होने को प्रेरित करती है। स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार कराती है। ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान हमारे भीतर से न मिले। भगवान महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- 'पुरुष ! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।' औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है। हमारे भीतर ऐसी शक्तियां हैं, जो हमें बचा सकती हैं। योग, संकल्प एवं संयम की शक्ति बहुत बड़ी शक्ति है। अनावश्यक कल्पना मानसिक बल को नष्ट करती है। लोग अनावश्यक कल्पना बहुत करते हैं। यदि उस कल्पना को योग में बदल दिया जाए तो वह एक महान शक्ति बन सकती है।

**– साभार**

# पहली बारिश में खुली ड्रेनेज की पोल, आधे नाले नहीं हुए साफ



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार को आज सुबह से ही शहर में मानसून ने दस्तक दी और जमकर बारिश हुई, जिसके के चलते पूरे शहर में ड्रेनेज की पोल खुल गई है। नगर पालिका द्वारा किए जाने वाले बड़े-बड़े दावों की हकीकत देखने को मिली नालियां ओवरफ्लो होकर सड़क पर पानी भरा रहा। ऐसे में एक प्रश्न है यहां भी खड़ा होता है,कि पिछले कुछ दिनों से नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी के सभी बड़े छोटे नालों की सफाई अभियान में लगे हैं, जेसीबी और पोकलेन की मदद से नालों की सफाई की जा रही है। लेकिन इसके बाद भी शहर के कई मुख्य नाले अभी भी सफाई से वंचित रह गए हैं,जिसके कारण यह ओवरफ्लो की स्थिति बन रही है। देखा जाए तो शहर के आसफाबाद, मालवियागंज के मुख्य नाले जो शहर के पानी को नदी में मिलते हैं, वह अभी साफ नहीं हुए हैं। जिसके कारण गली मोहल्लों में जल भराव की स्थिति बन रही है, नपा प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर इन नालों की तुरंत सफाई करवाना चाहिए, जिससे जल भराव की स्थिति न बन सके।



### इन इलाकों में नहीं हुए नाले साफ

शहर के आसफाबाद, मालवीयगंज से निकलने वाले मुख्य नालो की सफाई अभी नगरपालिका द्वारा नहीं कराई गई है, जिसके चलते पहली बारिश में ही गली मोहल्लो की छोटी नालियों ओवरपलो की बनी है। इनमे भाट मोहल्ला, आसफाबाद, मालवीयगंज, नदी मोहल्ला, कुर्मी मोहल्ला, शक्ति नगर के पीछे वाला एरिया अभी सफाई से वचित रहा है।

### जमकर हुई वर्षा

पिछले कुछ दिनों से शहर में गर्मी और उमस ने मौसम बिगाड़ रखा था, शहर बासियो को भी बारिश का इंतजार बहुत दिनों से था, लेकिन आसपास पानी गिरकर रहा जाता था, लेकिन शुक्रवार को अलसुबह से ही जमकर बारिश हुई।

### स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने पहुंचे अधिकारी

# किसी ने शहर तो किसी ने गांव के स्कूल में पढ़ाया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत जिला अधिकारियों ने जिले के विभिन्न स्कूलों में पहुंच कर बच्चों को उनका मनपसंद विषय पढाया। एसडीएम पिपरिया संतोष कुमार तिवारी ने हायर सेकेंड्री स्कूल सांडिया में बच्चों को रोचक तरीके से उनके मनपसंद विषय को पढ़ाया। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ संजय अग्रवाल नें शासकीय जुमेराती स्कूल, जिला आपूर्ती अधिकारी ज्योति जैन सिंघई ने शासकीय एलएनजी विद्यालय में, सहायक संचालक उद्यानिकी रीता उइके ने शासकीय कन्या शाला माखननगर में छात्राओं को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक जानकारी दी। बीआरसी आनंद कुमार शर्मा ने एकीकृत बुधवाड़ा में छात्रों को गणित के जटिल अवधरणाओं को अत्यंत सरल तरीके से समझा कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। नगरपालिका अधिकारी इटारसी रितु मेहरा ने मेहरागांव में बच चों को पढाया। मुख य नगरपालिका अधिकारी सोहागपुर जी. एस राजपूत ने मॉडल स्कूल माखननगर में बच्चों को पढाया। जिला नापतौल अधिकारी नर्मदापुरम सलिल ल्यूक ने डोंगरवाडा में बच्चों को गणित एवं भूगोल विषय पढाया। नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी ने चांदौन में बच्चों को सामान्य ज्ञान एवं जीवन के उद्देश्य कैसे शुरू करें के बारे में जानकारी दी। वासुदेव दवंडे ने रैसलपुर में, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिवनी मालवा श्रुती चौधरी नें मालापाट में बच्चों को पढाया। जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस संदीप चौरसिया ने सीएम राइज स्कूल इटारसी में बच्चों को पढाया। नगरपालिका अधिकारी नर्मदापुरम हेमेश्वरी पटले ने ग्वालटोली में, जिला मत्स्य अधिकारी वीरेन्द्र चौहान आईटीआई में, जिला रेशम अधिकारी रवीन्द्र सिंह ने बांद्राभान में, अधीक्षण यंत्री ईआरईएस ने पांजरा कला में गणित विषय पढ़ाया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया नें एसएनजी स्कूल में, एसडीएम सोहागपुर ने बाल शोभापुर में जिला पंजीयक राजीव कुमार ने कोठी बाजार स्कूल में, सीईओ जनपद पंचायत ने रामपुर में, डीआरसीएस शिवम मिश्रा ने बगराम में, मेघराज यादव ने एसपीएम स्कूल में, जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने पनर्मदापुरम में बच्चों को पढ़ाया।

### स्कूल शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग की समीक्षा की

# अब बस स्टैंड पर न रुकने वाली बस के संचालकों पर कार्यवाही

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

**प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने स कूल शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन् होंने जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान को निर्देश दिए कि वे ऐसे बस संचालकों के विरुद्ध प्रभावशील कार्यवाही करना करें जो अपनी बसे बस स्टेंड तक नहीं ले जाते हैं और बसों को कहीं भी खडी कर सवारी बैठाते हैं। ऐसी बसों की प रमिट भी तत्काल कैंसिल की जाए। राव नें आरटीओ अधिकारी को निर्देश दिए कि वे बसों के छूटने के समय में पांच से सात मिनट का गैप रखें। उन्होनें निर्देश दिये कि ऑटो का परमिट 03 माह कि जगह एक साल का दिया जाए।**



मंत्री ने स्पष्ट किया कि जिन स्कूलों को सीएम राइज स्कूल में परिवर्तित किया गया है। उन स्कूलों के बच्चों को सीएम राइज स्कूल में एडमिशन से न रोका जाए। छात्रावास में भी उन्हें प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाए। निजी विद्यालय आरटीई के तहत बच्चों के एडमिशन को मना नहीं कर सकेंगे। स्कूलों में रिक्त सीटों के अनुपात में आरटीई के तहत बच्चों का एडमिशन प्रा थमिकता से करना होगा। उन्होंने डीपीसी राजेश जैसवाल को निर्देश दिये कि वे एक बार पुन॰ आरटीई के तहत वंचित तबके के बच चों की सीट का पुन॰ परीक्षण करें। बैठक में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, नगरपालिका नर्मदापुर अध्यक्ष नीतू यादव, नपा इटारसी अध्यक्ष पंकज चौरे मोजूद थे।

### विधायकों को अवगत कराया जाए

नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने इटारसी में सीएम राइज स्कूल की सौगात देने पर मंत्री को धन्यवाद दिया। डॉ शर्मा ने कहा कि राज य शिक्षा केन्द्र में जो राशि आती है उसकी जानकारी से विधायकगणों को अवगत कराया जाए। उन होनें मांग की कि सीएम राइज स्कूल पहले दो पालियो में लगता था। लेकिन पोर्टल में एक पाली में लगना शो हो रहा है। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि जो बच्चे पूर्व से ही सीएम राइज स्कूल में पढाई कर रहे हैं उन हें एडमिशन से वंचित न किया जाए। मॉडल स्कूल में भी बच्चों को एडमिशन मिले। उन्होंने सांगाखेड़ा कला एवं रामपुर में सीएम राइज स्कूल के लिए जमीन दिलाने की मांग की। उन्होंने आरटीओ स्टाफ बढ़ाने की मांग भी की।

# अब तक 33.1 मिलीमीटर औसत वर्षा बीते 24 घंटे में हुई 1.3 मिलीमीटर वर्षा

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

जिले में 01 जून 2024 से 20 जून 2024 तक 33.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 27.7 मिलीमीटर अधिक है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2024 से 20 जून 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 95.1 मिलीमीटर, गैरतगंज में 3, बेगमगंज में 40.2, सिलवानी में 16.6, गौहरगंज में 35, बरेली में 3.4, उदयपुरा में 7, बाड़ी में 83, सुल्तानपुर में 42.5 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बीते 24 घंटे में 1.3 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 20 जून 2024 को प्रातः 08 बजे तक 1.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 0 मिलीमीटर, गैरतगंज में 0, बेगमगंज में 0, सिलवानी में 0, गौहरगंज में 10, बरेली में 0, उदयपुरा में 0, बाड़ी में 0, सुल्तानपुर में 3.3 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# बिना आदेश कब्जा करने पहुंचे लोगों पर अपराध दर्ज करने ग्वाल महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

ग्वाल महासभा मध्यप्रदेश ने पुरूषोत्तम यादव आत्मज धनराज यादव के मूंग फसल बोई खेत पर बिना किसी आदेश लिए जबरिया कब्जा लेने की नीयत से जेबीसी मशीन के साथ पहुचे लोगों द्वारा हँगामा खड़ा कर परिवार के डराने धमकाने को गंभीरता से लेते हुये कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन को सौपते हुये इन सभी पर अपराध दर्ज करने की मांग की है तथा एक प्रति पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल मिश्रा से की है।



ग्वाल समाज कल्याण महासभा के जिलाध्यक्ष नंदकिशोर यादव के नेतृत्व में 8 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि रुषोत्तम के खेत पर 19 जून को सुबह से शाम तक अपने पूरे दम खम के साथ आए लोगों की इस शर्मनाक हरकत ने जिला मुख्यालय को शर्मसार किया है ओर यादव समाज को अकेला समझ कर डराया धमकाया है, अगर समय पर तहसीलदार उपद्रव कर रहे लोगों के बीच उपस्थित होकर समझाइस नही देते तो इस परिवार कि जान माल के लिए खतरा पैदा हो सकता था। उक्त विवादग्रस्त भूमि का मामला जिला कौर्ट में प्रचलित है ऐसे में आदर्श गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष आदि का किसी भी न्यायालय द्वारा आदेश पारित किए जाने से पूर्व अपने साथ ले गए लोगों को ग्वाल परिवार के सदस्य की महिलाओं एवं पुरूषोत्तम, धनराज यादव के साथ हुज्जत कर अपने साथ लाए दो पुलिसवालों के माध्यम से शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप में बंध करने का दबाब देकर मानसिक एव शारीरिक प्रताड्ना देने के जिम्मेदारों पर अपराध दर्ज होना जरूरी है, अन्यथा यादव समाज चुप नही रहने वाला है।

ग्वाल महासभा के पदाधिकारियों ने कलेक्टर का मांग कि है कि जब तक माननीय जिला न्यायालय में उक्त प्रकरण निराकृत नहीं हो जाता है तब तक आपके अधीनस्थ न्यायिक प्रक्रिया में प्रचलित न किया जाकर आवेदक पुरूषोत्तम यादव के साथ अन्याय होने से रोका जाए।

**मेट्रो एंकर**

### रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाएं, सामग्री का खर्च उठाए

# न्यास रोड पर नवनिर्मित पुल का किया लोकार्पण जीनियस प्लानेट स्कूल ने किया पुल निर्माण



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

सांसद दर्शन सिंह, विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां न्यास कालोनी बायपास से ग्राम सोनासांवरी को सीधे जोडने वाले नवनिर्मित पुल का लोकार्पण किया। इस पुल के बन जाने से गांव के रास्ते पर बने जीनियस प्लानेट स्कूल के बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, पालकों के साथ ही ग्रामीण भी एक लंबा फेर लगाने से बच जाएंगे। पुल का निर्माण जन सहयोग से जीनियस प्लानेट स्कूल प्रबंधन ने कराया है।

सांसद चौधरी ने कहा कि यह विरला ही उदाहरण है जो कि मैंने अपने और सारा समाज उसके साथ खड़ा है, बल्कि इससे स्कूल के साथ ही समाज का हित भी हो रहा है। पुल निर्माण में डॉ. साहब ने भी पूरे मन से साथ दिया तो यह संभव हो सका है। यह श्रेष्ठतम काम है।

विधायक शर्मा ने कहा कि आज यदि हम सही बात के लिए खड़े रहते हैं तो उसके पीछे आप जनता की ताकत है। पुल बनने से सबको फायदा होगा, हमने केवल छोटी सी मदद की है। इससे स्कूल के 15 सौ बच्चों, उनके पालकों, गांव के लोगों और स्कूल के टीचर्स को फायदा होगा।

नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि जीनियस प्लानेट स्कूल में पांच रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगे हैं, इसके लिए हम स्कूल प्रबंधन को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने नागरिकों से भी निवेदन किया कि वे रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाएं, सामग्री का खर्च उठाएं, प्लम्बर का खर्च नगर पालिका उठाएगी। उन्होंने पुल निर्माण के लिए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज हित में काम कराने की इच्छाशक्ति केवल विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा में ही है।अतिथियों ने सत्र 2024-25 के लिए स्कूल के दैनिक डायरी का भी विमोचन कियाद्य

स्कूल प्रबंधन की ओर से मो. यूनिस सिद्दीकी, मो. जाफर सिद्दीकी, श्रीमती मनीता सिद्दीकी, खुशी सिद्दीकी ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन मनीता सिद्दीकी ने किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य विशाल शुक्ला ने किया। इस अवसर पर जन प्रतिनिधि सहित स्कूल स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### नपा ने पानी की समस्या को लेकर 6 बोर कराए थे, एक बोर में निकला पानी

# एक महीने इंतजार के बाद डाली मोटर कई वार्ड के लोगों को मिलेगा पानी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में इस बार पानी को लेकर किल्लत हो रही है। इसकी जानकारी होने के बाद भी नगर पालिका प्रशासन के द्वारा गंभीरता से धरातल पर कार्य नहीं किया जा रहा है । जिस बोर में पर्याप्त पानी निकला था उसमें समय रहते मोटर नहीं डाली गई है। एक महीने पहले मोटर को डाल सकते थे लेकिन ऐसा नहीं किया इसी बीच आसपास के वार्ड के लोग पानी को लेकर हैरान परेशान होते रहे है। अब जाकर मोटर पार्षद प्रतिनिधि रूपेश यादव के प्रयासों के बाद नगर पालिका प्रशासन डाल पाया है।



अब जाकर वार्ड वासियों को इस बोर्ड से पानी मिलना शुरू होगा । शहर के कई मोहल्ले में पानी को लेकर भीषण समस्या हो रही है सबसे ज्यादा परेशानी गरीब वर्ग के लोगों को झेलनी पड़ रही है। इन्हें पानी के लिए रात्रि जागरण के साथ कई किलोमीटर दूर से पानी भी लाना पड़ रहा है। दूसरी ओर शहर में अधिकांश क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी की सप्लाई नहीं होने से कई किलोमीटर दूर से लोग पानी को मजबूर हैं पानी की विकट समस्या को देखते हुए भी नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष से लेकर मुख्य नगर अधिकारी में गंभीर से ध्यान नहीं दिया वही नगर पालिका पार्षद प्रतिनिधि रुपेश यादव के प्रयासों के बाद मोटर को डालने का काम किया था इस बोर से पानी सीधा टंकी में दिया जाएगा फिर इसको विभिन्न मोहल्लों में सप्लाई करने का काम नगर पालिका करेगी। वहीं पहले पानी की समस्या को लेकर नगर पालिका ने पांच बोर कर आए थे। इनमें पानी पर्याप्त नहीं निकला इसलिए इनका उपयोग भी सप्लाई के लिए नहीं किया जा रहा है । वहीं वार्ड 12 में पार्षद प्रतिनिधि रूपेश यादव के प्रयासों के बाद विधायक उमाकांत शर्मा के कहने पर नगर पालिका परिषद ने बोर की स्वीकृत करके करवाया था उसमें ही पानी निकला तुरंत इसमें मोटर डालने का काम नहीं किया गया। वहीं नगर पालिका के जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों की लापरवाही भी उजागर हो रही है इनको आम जनता की समस्याओं की शायद ज्यादा चिंता नहीं है तभी तो इस काम को तत्काल नहीं करवाया गया एक महीने का समय लगा दिया।गुरुवार को पार्षद रूपेश यादव की मौजूदगी में इस बोर में नगर पालिका के द्वारा मोटर डालने का कार्य किया गया इस बोर में 4 इंची के करीब पानी होने से वार्ड नंबर 11/12 के अलावा अन्य वार्डों में भी नगर पालिका पानी की सप्लाई हो सकेगी इसको लाइन टंकी में जोड़कर सप्लाई देने का कार्य किया जाएगा जैसे ही इसका पानी टंकी में 24 घंटे पहुंचेगा तो आसपास के 5 बॉर्ड के लोगों को पानी की समस्या से काफी हद तक राहत मिल जाएगी वैसे इस बोर में पर्याप्त पानी निकला था तो इस समय मोटर डालकर इसका उपयोग रहवासियों के लिए किया जा रहा होता तो लोगों को पानी की इस बड़ी परेशानी से काफी हद तक राहत मिल जाती क्योंकि कई क्षेत्र ऐसे हैं इस बार बहुत दिक्कत हो रही है। नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों ने समय रहते जिन क्षेत्रों में पानी मिल सकता था वहां पर तो बोर नहीं कराए गए जहां पर पानी नहीं निकलने की ज्यादा समस्या थी उन्हें स्थान पर बोर कर दिया इस वजह से जनता की टैक्सी की कमाई का लाखों रुपए बर्बाद होने के बाद भी उसका उपयोग आम जन के हित में नहीं हो रहा है और जहां से पानी मिल सकता था वहां पर बोर नहीं करवाए जा रहे हैं । वार्ड नंबर 11 में बर मंजूर हुआ था उसको आज तक नहीं करवाया गया है । राजेश जैन ने बताया कि बोर के लिए पहले ही मंजरी नगर पालिका से हो गई थी कई बार शिकायत कर चुके हैं फिर भी नगर पालिका ने बोर नहीं लगाया इस वजह से पानी को लेकर लोग परेशान हो रहे हैं।

#### मौसम की बेरुखी बड़ी परेशानी

केथन डेम खाली होने के कारण दो और तीन दिन ही नगर पालिका के द्वारा सप्लाई दी जा रही है बाकी दिनों में पानी के लिए शहर वासियों को संघर्ष करना पड़ता है डेम का जलस्तर बहुत नीचे पहुंच गया इसी बीच मौसम की बेरुखी ने और भी ज्यादा समस्या खड़ी कर दी है । यदि बारिश का दौर प्रारंभ हो जाए तो पानी को लेकर जो समस्या हो रही है वहां काफी हद तक दूर हो जाएगी नगर पालिका भी प्रतिदिन पानी की सप्लाई करने लगेगी तो लोगों को पानी के लिए दो-चार नहीं होना पड़ेगा अभी काफी दूर से पानी भी लाना पड़ रहा है नल आने के लिए लोग टकटकी लगाकर देखते रहते हैं।

#### इनका कहना है -

*बोर में मोटर डालने से मेरे वार्ड के अलावा आसपास के चार-पांच वार्ड के लोगों को भी पानी मिलेगा बोर से लाइन टंकी में जोड़ दी जाएगी फिर नगर पालिका इससे पानी की सप्लाई करेगी सभी को फायदा होगा।*

**रुपेश यादव**, पार्षद प्रतिनिधि नपा सिरोंज

# लाडली बेटियों की केवाईसी के लिए लगाया शिविर



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गुरुवार को नगर में महिला बाल विकास एवं नगरपालिका के सहयोग से लाडली लक्ष्मी योजना की हितग्राही बेटियों के लिए समग्र आधार सीडिंग एवं ई केबाइसी अपडेशन हेतु केम्प आयोजित किए जा रहा है। नगरपालिका में 28 जून तक लाडली लक्ष्मी योजना की बेटियों को योजना राशि की किस्त का लाभ देने के लिए किए जा रहे हैं। शुक्रवार को नगरपालिका परिसर के बाद अगले छह दिन यह केम्प नगर में सेक्टर स्तर पर आयोजित किए जाएंगे इसके बाद बेटियों को लाभ प्रदान करने के लिए आवंटन हो सकेगा। अंतिम दिन दिवस 28 जून तक यह शिविर महिला बाल विकास के कार्यालय में सम्पन्न होगा। गुरुवार को नपा परिसर में पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा ने शिविर का अवलोकन कर इस अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए प्रत्येक वार्ड की आंगनवाड़ी केंद्रों पर लाडली लक्ष्मी हितग्राही परिवारों में संपर्क करने की बात कही। योजना में लाभान्वित हितग्राही बालिका के अध्ययन के लिए कक्षा छह, नौ,ग्यारवी,बारहवीं, ओर कालेज स्तर पर प्रवेशित हेतु छात्र वृति प्रदान की जाती है। ई केबायसी न होने की स्थिति में बालिका को विभिन्न समय पर मिलने वाली राशि का लाभ नही मिल सकेगा। इस अवसर पर ज्योति दुबे, सुनील मीना, राहुल मैना आदि मौजूद थे। केवाईसी होने की जानकारी लगे बड़ी संख्या में महिलाएं यहां पर पहुंची।

## ट्रैफिक पुलिस ने की वाहनों की जांच, नियमों का पालन न करने पर बनाए चालान



**सिरोंज।** यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की जांच की गई. इस दौरान सूबेदार रितेश वाघेला द्वारा वाहनों के फिटनेस, रजिस्ट्रेशन, नंबर प्लेट, लाइसेंस तेज गति से चलाने वाले वाहन चालक, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना की जांच की गई. साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने पर चालानी कार्यवाही की गई है!

## गोल्याहेडा स्कूल में डीईओ ने मनाया 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल चलें हम अभियान के अन्तर्गत आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर सतेन्द्र सिंह द्वारा जिले के समस्त अधिकारियों को विद्यालय आवंटित किए गए हैं। इसी क्रम में गुरूवार जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर सिसोदिया ने चाँचौड़ा विकासखण्ड के एकीकृत माध्यमिक विद्यालय गोल्याहेड़ा में पहुँच कर विद्यार्थियों से संवाद किया। बच्चों से चर्चा करते हुए श्री सिसोदिया ने अपने स्कूल के दिनों को याद करते हुए विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्कूल आने और नियमित अध्ययन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्र उपस्थिति शत प्रतिशत करने और निर्धारित समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कर सभी विद्यार्थियों को शासन द्वारा तय की गई बुनियादी दक्षताएं प्राप्त करना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है।

### स्कूल चलें हम अभियान: सिमरोद में मनाया 'भविष्य से भेंट'



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल सिमरोद में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत गुरूवार भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मान सिंह ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, प्रवीण प्रकाश बैसला प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, पिरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम लीडर श्रीमति कमला चौहान व गांधी फेलो दीपक कुमार पाठक अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ चर्चा की और अपने अनुभव को सभी उपस्थित बच्चों के साथ साझा किया। विद्यालय में सभी अतिथियों के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इसी कार्यक्रम के दौरान पिरामल फाऊंडेशन से प्रोग्राम लीडर श्रीमती कमला चौहान एवं गांधी फेलो दीपक पाठक ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य व करियर के बारे में सीख देकर आगे पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भविष्य से भेंट विषय पर सभी अतिथियों द्वारा चर्चा की गई।

## पर्यावरण की रक्षा के लिए बृज मेमोरियल स्कूल में लगाए पौधे



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पेड़ों की कमी के कारण प्रदूषण का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। तापमान असंतुलित होने के कारण गर्मी भी बढ़ती है जो लोगों के लिए समस्या का कारण बनती जा रही है। इससे बचने के लिए खाली स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने होंगे तभी बिगड़ते पर्यावरण से मुक्ति मिल पाएगी इसी उद्देश्य को लेकर गुरुवार को वेज मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में स्कूल संचालक पंडित प्रशांत पालीवाल के द्वारा परिसर में पौधारोपण करके उनके देखभाल करने पर भी जोर दिया और कहा कि सभी लोग बरसात के दिनों में ज्यादा ज्यादा मात्रा में खाली स्थान पर पौधे लगाने का काम करें परिवार के सदस्य की तरह देखभाल भी करें जैसे ही यह पेड़ के रूप में परिवर्तन होंगे तो यह हमें ताजी हवा प्रदान करेंगे आने वाली पीढ़ी के लिए भी यह उपयोगी होंगे ।इस दौरान यूनियन बैंक के वीएम तथा स्कूल का स्टाफ मौजूद था।

## आरोन क्षेत्र में तेंदुए के हमले से दो घायल, वन अमले की सर्चिंग जारी



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

आरोन वन परिक्षेत्र अंतर्गत तेंदुए की दस्तक से क्षेत्र में हडकंप का महौल है। सूचना मिलते ही वन अमले ने सर्चिंग शुरू कर दी है। इसमें विभिन्न रेंज का वन स्टाफ भी तलाशी में जुटा है। मिली जानकारी के अनुसार आरोन के मठ मोहल्ला में तेंदुए के दिखने और लोगों पर हमले की जानकारी के वाद वन विभाग ने रेस्क्यू अभियान चलाया हैं। बताया गया है कि तेंदुए के हमले में 2 लोग घायल हुए हैं। वहीं आरोन और आस पास के लोगों को सतर्क रहने की अपील रेंजर सुधीर शर्मा आरोन के द्वारा की हैं। रेंजर श्री शर्मा ने बताया कि आसपास सर्चिंग चल रही है। एहतियातन के तौर पर लोगों को सतर्क रहने हेतु मुनादी कराई गई है। वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया है। जिस पर अन्य रेन्जों जैसे गुना, राघौगढ़, मकसुदनगढ़ से भी वन स्टाफ को रात्रि में तेंदुआ की सर्चिंग एवं मानिटरिंग हेतु आरोन भेजा गया, जिसे तलाश किया जा रहा हैं।


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना तलैया जिला भोपाल (म.प्र.)**

क्र./थाप्र./तलैया/ डी/ -12/24 दिनांक 11/06/24

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुम इंसान 12/24 थाना तलैया जिला- भोपाल में गुम इंसान रीना जाटव पति हीरालाल जाटव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बड़नगर जिला सीहोर म.प्र. **हुलिया- रंग गेहूंआ, चेहरा- गोल कद- 5फिट 04 इंच के करीबन, बदन -समान्य, पहनावा- समान्य साड़ी, अन्य पहचान व किसी प्रकार का गुदना चिन्ह, तिल - दाहिने हाथ की उंगलियों पर। जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि इस गुम इंसान रीना जाटव पति हीरालाल जाटव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बड़नगर जिला सीहोर म.प्र.** के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो तो थाना तलैया में आकर संपर्क करें अथवा थाना तलैया मोबाइल नंबर- 947990553, 9479993684 को पर तत्काल संपर्क करें।

**थाना प्रभारी**

**थाना तलैया भोपाल**

G-12008/24


#### खाद्य औषधि प्रशासन की टीम ने भोजनालय से

# खाद्य पदार्थों की जांच-परीक्षण कर सैंपल एकत्रित किए





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने जिले के आम नागरिकों की सेहत को ध्यानगत रखते हुए मिलावट से मुक्ति अभियान तहत जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों में विक्रय होने वाले खाद्य पदार्थों की जांच परीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में खाद्य औषधि प्रशासन के द्वारा विदिशा जिले में खाद्य पदार्थों की जांच-पड़ताल के कार्यों का संपादन किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमति एडलिन ई पन्ना ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम के द्वारा आज गुरुवार को विदिशा नगरीय क्षेत्र के पुराना बस स्टैंड स्थित न्यू वैष्णव भोजनालय एवम शिव शक्ति इंटरप्राइजेस रायपुरा स्कूल के सामने, का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य कारोबारकर्ता को मिलावट ना करने की हिदायत दी है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमति एडलिन ई पन्ना के द्वारा न्यू वैष्णव भोजनालय से खाद्य पदार्थ पकी हुई दाल, पके चावल, आटा आदि के सैंपल लिए एवम शिव शक्ति इंटरप्राइजेस रायपुरा से आइस क्रीम का सैंपल एकत्रित किया। एकत्रित किए गए खाद्य सैंपलों को जांच परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य कारोबारकर्ता को खाद्य लाइसेंस लेना अनिवार्य है, बिना खाद्य लाइसेंस कोई भी दुकानदार खाद्य कारोबार नहीं करें।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक/राज/ 2024/ 1306 दिनांक 19/06/24

**नामांतरण विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आवदेकगणों द्वारा मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो नगर पालिका में विचाराधीन है।

| क्र. | प्रकरण क्र. | क्रेता | विक्रेता | पता | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 31/ना/2024 | अतिशय जैन/ अजय जैन | शमीम बानो/ शरीफ उद्दीन | वार्ड 13 | विक्रेय पत्र |
| 2 | 32/ना/2024 | राजेंद्र जोगी/नाथूराम जोगी आदि | नाथूराम / नवल नाथ | वार्ड 19 | शपथ पत्र फोटी नामा |
| 3 | 33/ना/2024 | जमुना देवी/ मनोज कुमार शर्मा | रामदयाल /परमानंद शर्मा | वार्ड 13 | विक्रेय पत्र |
| 4 | 34/ना/2024 | मनमोहन धाकड़/सरदार सिंह | कैलाश नारायण/राजा सिंह यादव | वार्ड 02 | विक्रेय पत्र |
| 5 | 35/ना/2024 | शिल्पा मित्तल/ रिकेश मित्तल | मेहरबान सिंह, माहराज सिंह/ अमांत्री सिंह दांगी | वार्ड 10 | विक्रेय पत्र |
| 6 | 36/ना/2024 | रिकेश मित्तल/ पुरूषोत्तम मित्तल | नाथ सिंह, अजब सिंह / अमांत्री सिंह दांगी | वार्ड 10 | विक्रेय पत्र |
| 7 | 27/ना/2024 | राजेश विश्वकर्मा, पप्पूलाल/ राम प्रसाद विश्वकर्मा | मोहम्मद हनीफ / खैराती खां | वार्ड 21 | विक्रेय पत्र |
| 8 | 38/ना/2024 | महेंद्र सिंह / सौभाग्य सिंह | श्याम बाई/ सौभाग्य सिंह | वार्ड 02 | हकत्याग पत्र |
| 9 | 39/ना/2024 | सैयद मोहम्मद वसीम/ सैयद मोहम्मद कलीम | वलीउल्ला/फैजउल्ला खान | वार्ड 20 | विक्रेय पत्र |
| 10 | 40/ना/2024 | मोहम्मदी बेगम/ शकील अहमद | ताहिर खान , रेणु साहू | वार्ड 03 | विक्रेय पत्र |
| 11 | 41/ना/2024 | नाजिया खान/ हामिद जीलानी | हामिद जीलानी/ गुलाम अहमद | वार्ड 20 | विक्रेय पत्र |

अतः उपरोक्त दावो के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में प्रमाण सहित इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस के भीतर नगर पालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा वाद अवधी यह मानकर किसी को कोई आपत्ति नहीं आगामी कार्यवाही की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद, सिरोंज**

# गोल्ड जीतने के बाद नीरज बोले, अब मैं पूरी तरह फिट हूं

**पाओ नुरमी गेम्स: भारतीय एथलीट ने 85.97 मीटर का थ्रो फेंका**

### 89.94 मीटर नीरज चौपड़ा का सर्वश्रेष्ठ थ्रो है और उनकी नजरें 90 मीटर का मार्क पार करने पर है

**तुर्कू (फिनलैंड), एजेंसी**

ओलंपिक भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने फिनेलैंड के तुर्कू में आयोजित पाओ नुरमी गेम्स में स्वर्ण पदक जीत लिया। इसके साथ ही नीरज ने पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी फिटनेस और फॉर्म भी साबित कर दी। पिछ्ले महीने उन्हें चोटिल होन के कारण एक प्रतियोगिता से हटना पड़ा था। नीरज ने अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर का फेंका।

### छह थ्रो फेंकना अच्छा रहा

नीरज ने कहा, मैं अपने प्रदर्शन और अपनी फिटनेस से खुश हूं क्योंकि मैं यहां सभी छह थ्रो फेंकने में सफल रहा। हर साल मुझे मसल्स से जुड़ी समस्या होती है। पेरिस ओलंपिक के बाद मैं डॉक्टरों से सलाह लूंगा।

### अगली चुनौती डायमंड लीग

नीरज चोपड़ा के लिए अगली चुनौती अब सात जुलाई से पेरिस में शुरू होने वाले डायमंड लीग है। नीरज पेरिस ओलंपिक के लिए पिछले काफी महीनों से यूरोप के अलग-अलग देशों में ट्रेनिंग कर रहे है।



### जीता था गोल्ड

एथलेटिक्स फेडरेशन कप 2024 में नीरज चोपड़ा ने जेवलीन थ्रो स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का परचम लहरा दिया है. ये 3 साल में पहला मौका था जब नीरज किसी डोमेस्टिक इवेंट में भाग ले रहे थे. भुवनेश्वर में हुई इस स्पर्धा में नीरज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.27 मीटर का रहा.

# ऑस्ट्रेलिया की टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार पांचवीं जीत

**एंटीगुआ, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मुकाबले में बांग्लादेश को 28 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया की यह इस वर्ल्ड कप में लगातार 5वीं जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 140 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 141 रन का टारगेट दिया। जवाब ऑस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 100 रन बनाए थे तभी बारिश की वजह से खेल रोक दिया गया। जो बाद में पूरा नहीं हो सका और ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच छ्रस्र (डकवर्थ लुईस स्टर्न) मेथड से 28 रन से जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने इस मैच में हैट्रिक विकेट लिए। यह इस वर्ल्ड कप की पहली हैट्रिक रही। कमिंस टी-20 वर्ल्ड कप में हैट्रिक विकेट लेने वाले दुनिया के 7वें गेंदबाज बने। वहीं कमिंस यह कारनामा करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई हैं, उनसे पहले 2007 वर्ल्ड कप में ब्रेट ली ने यह कारनामा किया था। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। उनके अलावा तौहीद हृदॉय ने 40 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा बांग्लादेश का कोई अन्य खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सका। कप्तान शांतो और लिटन दास के बीच दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने तीन विकेट लिए। एडम जम्पा ने 2 झटके। मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोयनिस और ग्लेन मैक्सवेल को 1-1 विकेट मिला।

## बांग्लादेश को डीएलएस मेथड से 28 रन से हराया



### ऑस्ट्रेलिया की पारी

141 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की ओर से ओपनर डेविड वॉर्नर ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 35 बॉल पर 53 रन की नाबाद पारी खेली। यह उनकी 28वीं टी-20 इंटरनेशनल फिफ्टी है। उनके अलावा ट्रैविस हेड ने 31 व ग्लेन ने नाबाद 14 रन बनाए। वॉर्नर और हेड के बीच पहले विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप हुई। बांग्लादेश की ओर से दोनों विकेट रिशाद हुसैन ने लिए।

### आज सुपर-8 का 5वां मुकाबला साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच

सुपर-8 का पांचवां मुकाबला आज डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच रात 8 बजे से सेंट लूसिया के डैरेन सैमी स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम 2 बार टी-20 वर्ल्डकप का खिताब जीती है। वहीं साउथ अफ्रीका को अपने पहले आईसीसी टाइटल का इंतजार है। दोनों टीमों का यह सुपर-8 का दूसरा मुकाबला होगा। साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड दोनों ने अपने-अपने पहले सुपर-8 मुकाबले जीते हैं। सुपर-8 में दो ग्रुप है। एक ग्रुप में 4 टीमें है, जो कि एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। यह दोनों टीमें ग्रुप -1 में हैं। आज का मुकाबला जीतने से सेमीफाइनल में जाने की दावेदार मजबूत होगी। 11 में पहले बैटिंग और 10 में चेज करने वाली टीमों को जीत मिली।

# टेनिस: कैटी बोल्टर पहले राउंड में रिटायर

**बर्मिंघम. एजेंसी**



हाल ही में नॉटिंघम ओपन जीतने वाली ब्रिटेन की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ी कैटी बोल्टर बीमार होने के कारण यहां खेले जा रहे बर्मिंघम क्लासिक के पहले ही दौर में मैच के दौरान हटना पड़ा। चौथी सीड खिलाड़ी का मुकाबला राउंड-32 में यूक्रेन की गैरवरीय अन्हेलिना कालिननीना से था, लेकिन पहले ही सेट के दौरान उनके सहज महसूस नहीं हुआ और उन्होंने मैच से हटने का फैसला किया। वहीं, टूर्नामेंट के अन्य मुकाबलों में चेक गणराज्य की आठवीं सीड खिलाड़ी मारिया बुज्कोवा को हराकर अंतिम-16 में जगह बना ली। उन्होंने बेहद कड़े मुकाबले में ब्रिटिश खिलाड़ी हीथर वाटसन को 3-6, 6-4, 7-5 से शिकस्त दी।



# वोडाफोन ग्रुप ने इंडस टावर्स में 18 फीसदी हिस्सेदारी बेची

## 15,037 करोड़ का फंड जुटाया, कर्ज चुकाएगी

**मेट्रो बाजार**

**मुंबई, एजेंसी**

वोडाफोन ग्रुप ने मोबाइल टावर ऑपरेटर इंडस टावर्स में अपनी 18 फीसदी हिस्सेदारी ब्लॉक डील के जरिए बेच दी है। इसे बेचकर ग्रुप ने 1.8 बिलियन डॉलर यानी 15,037 करोड़ रुपए फंड जुटाया। कंपनी इस फंड का इस्तेमाल बैंकों से लिए कर्ज को चुकाने के लिए करेगी। वोडाफोन ग्रुप ने कहा कि उसने 310-341 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर इंडस टावर्स के 48.5 करोड़ शेयर्स बेचे हैं। ग्राहकों के हिसाब से वोडाफोन-आइडिया देश की तीसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर है। दूसरे नंबर पर भारती एयरटेल और पहले नंबर पर रिलायंस जियो है। वोडाफोन के पास सेल से पहले इंडस टावर्स की 21.5 फीसदी हिस्सेदारी थी, जो अब 3.5 फीसदी रह गई है। कंपनी ने पहले अपनी 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचने का प्लान बनाया था। हालांकि, निवेशकों की मजबूत डिमांड के कारण कंपनी ने सेल का साइज लगभग दोगुना कर दिया। वहीं एयरटेल ने बताया कि उसने इस ट्रांजेक्शन में इंडस टावर्स की लगभग 1 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। अब एयरटेल की इंडस टावर्स में हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 49 फीसदी हो गई है। वोडाफोन-आइडिया का शेयर आज 1.83 फीसदी की गिरावट के साथ 16.61 रुपए पर कारोबार कर रहा है। छह दिन पहले खबर आई थी कि वोडाफोन ग्रुप इंडस टावर्स में अपनी 2.3 बिलियन डॉलर यानी 19,213 करोड़ रुपए की पूरी हिस्सेदारी ब्लॉक डील के जरिए बेच सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, वोडाफोन आइडिया के 5जी रोलआउट और 4 फीसदी कवरेज के प्लान्स हैं।



# सोने की चमक रहेगी बरकरार: ग्लोबल रिजर्व में घटती जा रही अमरीकी करेंसी की हिस्सेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अमरीकी डॉलर करीब आठ दशकों से दुनिया का इकोनॉमी पर एकछत्र राज करती आई है। आपसी कारोबार के लिए दुनिया डॉलर पर ही निर्भर है, लेकिन अब चीन और भारत सहित कई देश डॉलर से दूरी बनाना चाहते हैं और अपने रिजर्व में सोना तो कारोबार में स्थानीय मुद्रा को तवज्जो दे रहे हैं। यही वजह है कि दुनिया के सेंट्रल बैंक्स के रिजर्व में डॉलर की हिस्सेदारी लगातार गिरती जा रही है। वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में दुनियाभर के सेंट्रल बैंक्स में डॉलर की हिस्सेदारी घटकर 58.4 फीसदी रह गई जो दिसंबर तिमाही में 59.2 फीसदी थी। वर्ष 2000 में इसकी हिस्सेदारी 71 फीसदी थी। हालांकि यह अब भी दूसरे करेंसीज के मुकाबले कहीं आगे हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल का कहना है कि आगे भी दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों की खरीदारी से सोने की चमक आगे भी बरकरार रहेगी। चीन के केंद्रीय बैंक की तरफ से खरीदारी में ठहराव आने की खबर के बाद से सोने की कीमतों पर दबाव देखने को मिला है। हालांकि, वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के सर्वे में निकल कर आया है कि 29 फीसदी केंद्रीय बैंक और गोल्ड खरीदने की तैयारी में हैं।

### फ्रांसिस्को ने इंजुरी टाइम में गोल कर दिलाई जीत

# यूरो कप: पुर्तगाल की चेक गणराज्य पर 2-1 से जीत

**लिपजिग (जर्मनी). एजेंसी**

पुर्तगाल ने यूरो कप में जीत से आगाज करते हुए ग्रुप-एफ के रोमांचक मुकाबले में चेक गणराज्य को 2-1 से शिकस्त दी। पुर्तगाल ने लगातार दूसरी बार यूरो कप में अपना पहला मुकाबला जीता है। मैच के 90वें मिनट तक दोनों टीमों का स्कोर 1-1 से बराबरी पर था लेकिन इसके बाद मिले अतिरिक्त समय में पुर्तगाल के 21 वर्षीय फ्रांसिस्को कॉन्सीकाओ ने शानदार गोल करके अपनी टीम को जीत दिला दी। चेक गणराज्य ने 62वें मिनट में लुकास के गोल से बढ़त कायम कर ली थी, लेकिन 69वें मिनट में उसके खिलाड़ी रोबिन हरनाक बड़ी गलती कर बैठे और उन्होंने अपने गोलपोस्ट में ही गोल कर दिया। पुर्तगाल ने इस आत्मघाती गोल से 1-1 से बराबरी हासिल कर ली।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी बोले- मेरी सक्सेस का क्रेडिट अनुराग कश्यप को जाता है...



नवाजुद्दीन सिद्दीकी को अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से पहचान मिली थी। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में नवाज ने अपनी और अनुराग की दोस्ती पर बात की। उन्होंने बताया कि हम बहुत अच्छे दोस्त नहीं है। लेकिन उनके साथ कभी कुछ बुरा नहीं होना चाहिए। इतना ही नहीं उन्होंने अपनी सक्सेस का क्रेडिट भी अनुराग कश्यप को दिया।

### हम घंटों तक बिना बात किए ट्रेवल करते हैं

नवाजुद्दीन ने कहा- सच बताऊं, तो मैं और अनुराग कश्यप दोस्त नहीं हैं। हम जब एक साथ बैठे होते हैं तो घंटों तक एक दूसरे से बात नहीं करते हैं। हम दोनों ऐसे ही हैं। हमने बिना बात किए 5 से 6 घंटे ट्रैवल किया है। हमारी बातें माचिस मांगने से खाने-पीने की बातों तक ही सीमित रहती हैं। नवाजुद्दीन ने बताया कि हमारे बीच दोस्ती न होते हुए भी अनुराग के लिए उनके दिल में खास जगह है। नवाज चाहते हैं कि अनुराग इसी तरह आगे बढ़ते रहें। एक्टर का कहना है कि ये जरूरी नहीं है कि वो मुझे फिल्मों में कास्ट करें। उनके साथ कुछ भी बुरा नहीं होना चाहिए। नवाज ने बताया कि गैंग्स ऑफ वासेपुर की रिलीज से पहले, डिजाइनर्स ने उनके लुक की वजह से उनके लिए सूट बनाने से मना कर दिया था। इससे एक्टर को बहुत दुख हुआ था। नवाज ने अपनी सक्सेस का क्रेडिट अनुराग को दिया और उन्हें दिल से शुक्रिया भी कहा। कुछ दिनों पहले ही अनुराग कश्यप ने एक इंटरव्यू के दौरान नवाज का जिक्र किया था। उन्होंने बताया था कि जब वो डिप्रेशन से जूझ रहे थे, तब नवाज और तापसी पन्नू हमेशा उनका हाल पूछते थे। वर्कफ्रंट पर नवाज की अगली फिल्म रौतू का राज है जो 28 जून को जी5 पर रिलीज होगी। फिल्म में नवाज एक बार फिर से पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में इस सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है।


## 'पुष्पा' के मेकर्स के साथ एक्शन फिल्म करेंगे सनी देओल, हैदराबाद में शूटिंग



हाल ही में 'बॉर्डर 2' की अनाउंसमेंट करने के बाद सनी देओल ने अपनी एक और फिल्म की अनाउंसमेंट की है। हालांकि, इस बार सनी बॉलीवुड नहीं बल्कि साउथ के निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के साथ एक एक्शन फिल्म पर काम करेंगे। फिल्म को माइथ्री मूवी मेकर्स प्रोड्यूस करेंगे जो अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2' के भी मेकर्स हैं। फिल्म की अनाउंसमेंट करते हुए मेकर्स ने दावा किया है कि यह अब तक की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म होगी। फिल्म का टाइटल अभी तक फाइनल नहीं किया गया है। इसका टेंटेटिव टाइटल 'स्ष्ठत्ररू' रखा गया है। इसका मतलब सनी देओल गोपीचंद मालिनेनी है। हैदराबाद में पूजा सेरेमनी के बाद मेकर्स ने इस फिल्म को लॉन्च किया है। अब 22 जून से सनी इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। इसमें उनके अलावा सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा जैसी एक्ट्रेस भी नजर आएंगी। इस फिल्म के डायरेक्टर गोपीचंद की पिछली फिल्म 2023 में रिलीज हुई सुपरहिट 'वीरा सिम्हा रेड्डी' थी। नंदमुरी बालकृष्ण स्टारर इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 134 करो? रुपए कमाए थे। इससे पहले पिछले ही हफ्ते 13 जून को सनी ने 1997 में रिलीज हुई अपनी ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' के सीक्वल की अनाउंसमेंट की थी। खुद सनी ने फिल्म का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा था, 'एक फौजी अपने 27 साल पुराने वादे को पूरा करने आ रहा है फिर सेज इंडिया की सबसे बड़ी वॉर फिल्म 'बॉर्डर 2'..।' इस अनाउंसमेंट वीडियो में फिल्म से जुड़ा कोई विजुअल नहीं है, सिर्फ बैकग्राउंड में सनी देओल की आवाज सुनाई देती है। वो कहते हैं, '27 साल पहले एक फौजी ने वादा किया था कि वो वापस आएगा.. उसी वादे को पूरा करने.. हिंदुस्तान की मिट्टी को अपना सलाम कहने आ रहा है.. फिर से।' बॉर्डर-2 को जे.पी.दत्ता प्रोड्यूस करने वाले हैं, जिन्होंने 1997 में बॉर्डर डायरेक्ट की थी। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और जे.पी.दत्ता की बेटी निधी दत्ता भी इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर होंगे। वहीं इसका निर्देशन अनुराग सिंह करेंगे। अनुराग इससे पहले अक्षय कुमार स्टारर केसरी डायरेक्ट कर चुके हैं। वर्कफ्रंट पर सनी देओल की पिछली फिल्म गदर 2 थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। 691 करोड़ रुपए के वर्ल्ड वाइड कलेक्शन के साथ यह फिल्म 2023 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। इसी फिल्म की रिलीज के बाद से उनका करियर फिर से रिवाइव हो चुका है। जल्द ही सनी लाहौर 1947, बाप, सूर्या और अपने 2 जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं।



## बेटी सोनाक्षी की शादी अटेंड करेंगे शत्रुघ्न सिन्हा बोले- उसकी खुशी में मेरी खुशी है...



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा इस रविवार 23 जून को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी करने जा रही हैं। जब से उनकी शादी की खबरें सामने आई हैं, तभी से यह भी चर्चा है कि सोनाक्षी के पिता शत्रुघ्न सिन्हा और परिवार के बाकी सदस्य इस शादी से खुश नहीं हैं। कई रिपोर्ट्स में तो यह तक कहा गया कि शत्रुघ्न बेटी की शादी अटेंड नहीं करेंगे। हालांकि, अब एक इंटरव्यू में एक्टर ने इन खबरों पर विराम लगा दिया है। मेरी बेटी को अपना पार्टनर चुनने का हक है- शत्रुघ्न जूम को दिए एक इंटरव्यू में शत्रुघ्न ने कन्फर्म किया कि वो बेटी की शादी जरूर अटेंड करेंगे। वेटरन एक्टर ने यह भी कहा कि उनकी बेटी को अपना पार्टनर चुनने का हक है और जहीर के साथ उनकी जोड़ी अच्छी लगती है। इंटरव्यू में शत्रुघ्न ने कहा, 'मुझे बताइए, यह किसकी लाइफ है? यह मेरी इकलौती बेटी सोनाक्षी की जिंदगी है, जिस पर मुझे बहुत गर्व है और जिससे मैं बहुत प्यार करता हूं। वह मुझे पिलर ऑफ स्ट्रेंथ बुलाती है। मैं डेफिनेटली इस शादी में मौजूद रहूंगा। और रहूं भी क्यों ना? उसकी खुशी में ही मेरी खुशी है। सोनाक्षी को अपना पार्टनर और शादी से जु?ी सभी चीजें खुद चुनने का हक है।'

### दोनों एक-साथ अच्छे लगते हैं

शत्रुघ्न ने आगे कहा, 'मैं अभी मुंबई में ही हूं। मैं यहां न केवल बेटी की ताकत बनकर खड़ा हूं, बल्कि उनके असली कवच के रूप में भी मौजूद हूं। सोनाक्षी और जहीर को एक साथ जिंदगी गुजारनी है और वे एक-साथ बहुत अच्छे लगते हैं।' वहीं फेक रिपोर्ट्स पर बात करते हुए शत्रुघ्न ने कहा, 'मैं उन्हें अपना सिग्नेचर डायलॉग 'खामोश..' बोलकर सावधान करना चाहूंगा। उनसे कहूंगा कि यह तुम्हारा काम नहीं है। सिर्फ अपने काम से मतलब रखो।' पहले कहा था- आजकल बच्चे पेरेंट्स से सहमति नहीं लेते इससे पहले जब सोनाक्षी और जहीर की शादी की खबरें सामने आई थीं तब शत्रुघ्न ने कहा था कि उन्हें इस शादी के बारे में कोई जानकारी नहीं हैं।

**बारिश**



भोपाल । एक बार फिर शुक्रवार को मौसम बदला और रिमझिम बारिश शुरू हो गई।

**धरना प्रदर्शन**




भोपाल। नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में कांग्रेस के देशव्यापी विरोध के तहत भोपाल मे कांग्रेस नेताओं ने धरना दिया। इसमें पूर्व सीएम दिग्विज्य सिंह प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और पीसी शर्मा समेत कई नेता शामिल हुऐ।

# बैंक में रुपए जमा करने गए किसान के कुर्ते की जेब से एक लाख की नगदी चोरी

## दो बुरकाधारी महिलाओं पर संदेह, पुलिस फुटेज के आधार पर कर रही आरोपियों की तलाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित रॉयल मार्केट की पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में रुपए जमा कराने पहुंचे किसान के कुर्ते की जेब से संदिग्ध महिलाओं ने एक लाख रुपए की नगदी पार कर दी। घटना गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है। चोरी की शिकायत किसान ने पुलिस को की थी। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर संदिग्ध महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मोहम्मद आबिद पिता शाहवाज खान (38) बी-7, राजीव कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड निशातपुरा में रहते हैं। उनकी विदिशा में कृषि योग्य भूमि हैं। उनके खेत में सोयाबीन की फसल हुई थी। उन्होंने फसल बेची और कुछ पैसा खेती किसानी के लिए रख लिया, जबकि एक लाख रुपए वह रॉयल मार्केट स्थित पीएनबी बैंक लेकर पहुंचे थे। वे नगदी जमा करने कतार में लगे थे। कुछ देर बाद उन्होंने कुर्ते की जेब में हाथ डाला तो जेब में रखी नोटो की दो गड्डी नहीं थी। पांच पांच सौ रुपए की दो गड्डियों में एक लाख रुपए थे। उन्हें ध्यान आया कि उनके आसपास दो बुर्खाधारी महिलाएं घूम रही थी। इसके बाद उन्होंने बैंक में घटना की जानकारी दी और बाद में थाने पहुंचकर शिकायत की। एसआई पवन सेन ने बताया कि शिकायत मिलने पर पुलिस ने बैंक में लगे सीसीसीटी कैमरे चेक किए तो एक महिला जेब से पैसे निकालते हुए नजर आई है। दोनों महिलाओं को फेस बुर्खे में ढका हुआ था। एक महिला ने अपने बच्चे को कुछ खिलाने के लिए फेस से बुर्खा हटाया था। उसकी पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मंदिर के सामने खड़ी बाइक ले उड़े बदमाश



जहांगीराबाद स्थित खटलापुरा मंदिर के सामने खड़ी बाइक चोरी चली गई। पुलिस के मुताबिक रामसहाय ठाकुर (51) ओमकारा सेवनिया थाना सूखी सेवनिया में रहते हैं और भारतीय भू विज्ञान सर्वेक्षण कार्यालय में नौकरी करते हैं. पिछले दिनों कार्यालय से निकलने के बाद रात करीब दस बजे वह खटलापुरा मंदिर दर्शन करने पहुंचे. इस दौरान उन्होंने अपनी बाइक मंदिर के गेट के पास खड़ी की और अंदर चले गए. दर्शन करके बाहर निकले तो उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी. इसी प्रकार गोविंदपुरा थानांतर्गत आईएसबीटी बस स्टैंड से धर्मेंद्र राजपूत और अब्बास नगर कोलार रोड निवासी सोनू बालमीकि के घर के सामने खड़ी बाइक चोरी चली गई. पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सिक्योरिटी गार्ड ने पूछताछ की तो रिक्शा छोड़कर भागा बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जहांगीराबाद स्थित स्लाटर हाउस के पास एक रिक्शा चालक ने लोहे के एंगल चोरी कर लिए. सिक्योरिटी गार्ड ने जब पूछताछ की तो वह रिक्शा छोड़कर भाग निकला. पुलिस ने रिक्शा जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस के मुताबिक मनोज शर्मा (45) मूलतः बरेली जिला रायसेन के रहने वाले हैं. फिलहाल वह सुभाष कालोनी में रहते हैं और एक कंपनी में सिक्योरिटी सुपरवाइजर हैं. बीती सोलह जून को वह नाइट ड्यूटी कर रहे थे. इसी बीच साथी सिक्योरिटी गार्ड ने सूचना दी कि स्लाटर हाउस के पास एक ई रिक्शा खड़ा हुआ था, जिसमें लोह के एंगल रखे हुए थे. गार्ड ने जब चालक से पूछताछ की तो वह रिक्शा छोड़कर भाग निकला. पुलिस ने मनोज की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है. रिक्शा जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है।

## मायके में नवविवाहिता ने फांसी लगाई



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित बसई वार्ड क्रमांक-तीन में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि फिलहाल कारणों का खुलासा नहीं हो सका है जबकि परिजन ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम बसई वार्ड क्रमांक-तीन निवासी राधिका मोगिया (23) का विवाह करीब चार साल पहले गणेशपुरा थाना गुलाबगंज जिला विदिशा में रहने वाले कोमल सिंह से हुआ था। पिछले कुछ दिनों से राधिका अपने मायके में रह रही थी। गुरुवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे राधिका ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के कारण जांच एसडीओपी को सौंपी गई।

## बस में सफर के दौरान जेबकतरों ने उड़ाए सात हजार रुपए



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हनुमानगंज इलाके में बस में सफर के दौरान एक व्यक्ति की जेब से बदमाशों ने सात हजार रुपए चोरी कर लिए. घटना के समय फरियादी अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए रायसेन से भोपाल आया था. पुलिस ने अज्ञात जेबकतरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. पुलिस के मुताबिक केशव सिंह रघुवंशी (53) उदयपुरा जिला रायसेन के रहने वाले हैं. बुधवार को वह अपनी पत्नी शांति रघुवंशी का इलाज कराने के लिए भोपाल आए थे. दोपहर करीब साढ़े बारह बजे दोनों हमीदिया रोड स्थित मनोहर डेयरी के पास बस से नीचे उतरे. उसके बाद खाना खाने के लिए पास के होटल पहुंचे. भोजन करने के बाद केशव ने बिल देने के लिए जेब में हाथ डाला तो पता चला कि किसी ने 7 हजार रुपए चोरी कर लिए. आसपास तलाश करने के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने हनुमानगंज थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 10 दिन बाद भी हत्या के आरोपियों का सुराग नहीं, आपराधिक रिकार्ड के सहारे गुत्थी सुलझाने का प्रयास

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गुनगा इलाके में 10 दिन पहले हुई एक क्रेशर मजदूर की हत्या के आरोपियों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। आरोपियों की पहचान के बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस का कहना है कि मृतक के आपराधिक रिकार्ड के सहारे अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां पुलिस को मिली हैं, जिनकी पुष्टि कराई जा रही है। जानकारी के अनुसार बैरसिया निवासी शेरसिंह उर्फ भूरा राजपूत (36) गुनगा स्थित क्रेशर पर काम करता था। बीती 11 जून को वह काम पर जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा. उसकी तलाश में निकले परिजनों को अगले दिन जंगल एरिया में शेरसिंह का शव मिला। उसके सिर पर भारी वस्तु से प्रहार कर हत्या की गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी। पुलिस ने परिवार तथा साथ काम करने वाले मजदूरों से पूछताछ की। साथ ही कुछ संदेहियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, लेकिन हत्या का कारण और आरोपियों का कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस का कहना है कि मृतक का भी आपराधिक रिकार्ड रहा है। इसके अलावा कुछ लोगों के साथ उसका पैसों के लेन-देन का भी पता चला है। इसी आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है। अनुमान है कि जल्द ही इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

## महिला से बाइक सवार लुटेरे ने चेन झपटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित आधार शिला कॉलोनी में कल शाम बाइक सवार लुटेरे ने महिला के गले से झपट ली। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक करने पर एक संदिग्ध बाइक सवार लुटेरा नजर आया है। पुलिस लुटेरे की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार वीणा चौधरी पति श्रीराम चौधरी (66) आधार शिला अपार्टमेंट, अवधपुरी में रहती हैं। वह प्रतिदिन शाम में पड़ोसी महिला के साथ इवनिंग वॉक पर कॉलोनी में जाती है। गुरुवार शाम भी वह मॉर्निंग वॉक पर निकलीड़थी। घर से कुछ दूरी पर पहुंचते ही एक बाइक सवार बदमाश ने उनके गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन खीच ली। इस दौरान पेंडल कपड़ों में अंदर फंस गया और केवल चेन ही लुटेरे के हाथ लगी। वीणा चौधरी ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उन्हें लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो एक संदिग्ध बाइक सवार लुटेरा नजर आया है। सीसीटीवी कैमरे के अनुसार घटना शाम 5 बजकर 28 मिनट के आसपास की है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बांदीखेड़ी जोड़ पर सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार प्रकाश अहिरवार (35) शिवनगर करोंद में रहते थे और प्रायवेट काम करते थे। बुधवार की शाम को वह गुनगा इलाके से घर लौट रहे थे। बांदीखेड़ी जोड़ के पास अज्ञात वाहन ने प्रकाश की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

**मेट्रो एंकर** ट्रेन की पेंट्री कार में चलने वाले कर्मचारियों से लूटी नगदी

# बरखेड़ी फाटक पर चाकू अड़ाकर बाइस हजार रुपए की लूट हुई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी फाटक पर गुरुवार सुबह दो बदमाशों ने चाकू अड़ाकर बैतूल और इटारसी के युवकों से 22 हजार रुपए छीन लिए। दरअसल, दोनों युवक ट्रेन की पेंट्री कार में नौकरी करते हैं और बरखेड़ी में रहने वाले अपने दोस्त के पास जा रहे थे, तभी बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है।



पुलिस के अनुसार मिथुन मंडल पिता अरुण मंडल (30) बैतूल में रहता है और ट्रेन में पेंट्री कार में काम करता है। गुरुवार सुबह वह अपने साथी सुमित के साथ भोपाल आया और ट्रेन से उतरने के बाद पैदल-पैदल बरखेड़ी फाटक के पास पहुंचा था। दोनों दोस्तों को बरखेड़ी निवासी अपने साथी पप्पू के घर जाना था। बरखेड़ी फाटक के पास पहुंचते ही उन्हें दो युवक मिले। दोनों ने चाकू अड़ाया और मिथुन को धमकाते हुए 22 हजार रुपए की नगदी छीन ली। मिथुन ने घटना की जानकारी पप्पू को दी और वह घर से उनके पास पहुंचा था। आसपास लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि लूट की वारदात को फैजान नामक युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर अंजाम दिया है। इसके बाद तीनों दोस्त थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022